TV उत्तरशक्ति NEWS

मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 8 अंक 269
शनिवार, 18 अप्रैल 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

# दो-तिहाई बहुमत जुटाने में सरकार फेल, लोकसभा में गिरा महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान संशोधन बिल

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल।** शुक्रवार को लोकसभा ने उस विधेयक को खारिज कर दिया, जिसमें महिलाओं के लिए आरक्षण को तेजी से लागू करने और नई जनगणना कराए बिना परिसीमन करने का प्रावधान था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संविधान (131वां संशोधन) संशोधन विधेयक सदन में मतदान के दौरान 2/3 बहुमत प्राप्त न कर पाने के कारण पारित नहीं हो सका। मतदान के विभाजन में, 298 सदस्यों ने विधेयकों का समर्थन किया, जबकि 230 ने उनके खिलाफ मतदान किया। कुल वोटों की संख्या 528 थी।

लोकसभा में किसी भी संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। सरकार ने इस विधेयक के साथ परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 को भी सदन में चर्चा और पारित कराने के लिए रखा था, लेकिन उन्हें भी आगे नहीं बढ़ाया जा सका। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक के पारित नहीं होने के बाद अब इससे संबंधित दोनों विधेयकों परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 को आगे नहीं बढ़ा सकते।

गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनके रास्ते का रोड़ा कौन है और उन्हें



महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक, 2026 और ह्यसंघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 पर सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि जो लोग परिसीमन का विरोध कर रहे हैं, वे कहीं न कहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के लिए आरक्षित सीटों में बढ़ोतरी का विरोध कर रहे हैं। गृह मंत्री ने अलग-अलग सीटों के बीच जनसंख्या के असंतुलन का हवाला देते हुए कहा कि यह परिसीमन से ही ठीक हो सकता है और विपक्ष को इसमें सहयोग करना चाहिए।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन से संबंधित विधेयक का महिला आरक्षण से कोई संबंध नहीं है, बल्कि भारत के चुनावी मानचित्र को बदलने का प्रयास है जो एक शर्मनाक कृत्य है। उन्होंने लोकसभा में महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 पर चर्चा में भाग लेते हुए यह आरोप भी लगाया कि सरकार द्वारा जाति जनगणना को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा, पूरा विपक्ष मिलकर सरकार के इस प्रयास को विफल करने जा रहा है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य अब कभी बंद नहीं होगा, डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा दावा

**ईरान, 17 अप्रैल।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और व्यापार के संबंध में एक बहुत ही महत्वपूर्ण घोषणा की है। राष्ट्रपति ट्रंप के अनुसार ईरान इस बात पर सहमत हो गया है कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य को अब कभी बंद नहीं करेगा।

ट्रंप ने यह स्पष्ट कर दिया कि इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग का उपयोग अब दुनिया के खिलाफ एक हथियार के रूप में नहीं किया जाएगा। इस समझौते को वैश्विक स्तर पर तेल आपूर्ति और समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा के लिए एक बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। राष्ट्रपति के इस बयान ने विश्व राजनीति में एक नई चर्चा छेड़ दी है, क्योंकि यह मार्ग अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।



आपको बता दें कि इससे पहले ईरान ने घोषणा की थी कि लेबनान में संघर्ष विराम के बाद, 'होरमुज जलडमरूमध्य' अब वाणिज्यिक जहाजों के लिए पूरी तरह से खोल दिया गया है। ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने सूचित किया कि लेबनान में संघर्ष विराम को देखते हुए, सभी वाणिज्यिक जहाजों के आवागमन के लिए इस मार्ग को पूरी तरह से खोलने की घोषणा की गई है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि होरमुज जलडमरूमध्य को फिलहाल संघर्ष विराम की शेष अवधि के लिए खोला गया है।

यह उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी, 2026 से होरमुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित थी। इसी दिन, अमेरिका और इजराइल ने पहली बार कई ईरानी ठिकानों पर हमला किया था, जिसके बाद ईरान ने इस मार्ग को पूरी तरह से बंद कर दिया था। यदि 28 फरवरी से 17 अप्रैल तक के समय को देखा जाए, तो यह महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग लगभग 49 दिनों के बाद फिर से खोला गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने लिखा कि ईरान ने सभी प्रकार के जहाजों के लिए होरमुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से खोलने की घोषणा की है। यह गौरतलब है कि अमेरिका ने होरमुज सहित अन्य ईरानी बंदरगाहों पर भी नाकेबंदी की घोषणा की थी।

## देश का चुनावी नक्शा बदलने की कोशिश: राहुल गांधी

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल।** महिला आरक्षण और परिसीमन पर विशेष सत्र के दौरान बोलते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि महिलाएं देश की राष्ट्रीय कल्पना में एक प्रेरक शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि हर कोई अपने जीवन में महिलाओं से प्रभावित हुआ है, जो समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। राहुल ने दावा किया कि इस विधेयक का महिला सशक्तीकरण से कोई लेनादेना नहीं है, 2023 में जो विधेयक इस सदन में पारित हुआ था वह महिला आरक्षण का विधेयक था।

राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि सरकार ओबीसी भाइयों और बहनों को अधिकार देने से बच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विधेयक भारत की महिलाओं के पीछे छिपकर देश के चुनावी मानचित्र को बदलने का प्रयास है। पूरा विपक्ष सरकार के इस प्रयास (महिला



आरक्षण से जुड़े विधेयकों) को गिराने जा रहा है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा ने वह कर दिखाया जो वे 20 वर्षों में नहीं कर पाए। उनका इशारा वाड्रा के उस 'चाणक्य' वाले व्यंग्य की ओर था, जिस पर गुरुवार को सदन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुस्कुरा दिए थे।

राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा का भाषण असाधारण था। उन्होंने अपने बचपन की एक घटना और अपनी दादी इंदिरा गांधी के साथ हुई बातचीत को भी याद किया। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री ने उनसे कहा था कि उन्हें सिर्फ खुद से डर लगता है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी पत्नी से जुड़ी कोई समस्या नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाएं भारत की प्रेरक शक्ति हैं।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा भारत की महिलाओं की आड़ में चुनावी नक्शा बदलने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आरक्षण देने के बजाय... हर कोई जानता है कि भारत के समाज ने दलितों, ओबीसी और उनकी महिलाओं के साथ कैसा बर्ताव किया। गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा जातिगत जनगणना को दरकिनार करने और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) की अनदेखी करने की कोशिश कर रही है, और उनके अधिकारों को छीन रही है।

# इंडोनेशिया विमान हादसा: लापता हेलीकॉप्टर का मिला मलबा, सभी 8 लोगों की मौत

**इंडोनेशिया, 17 अप्रैल।** इंडोनेशिया के पश्चिम कालीमंतन प्रांत से एक बेहद दुखद खबर आई है। पिछले कुछ समय से लापता एक निजी हेलीकॉप्टर का मलबा वीरवार यानि कि बीते दिन सुदूर और घने वन क्षेत्र में बरामद कर लिया गया है। इस दुर्घटना में सवार सभी 8 लोगों की मौत हो गई है। दुर्गम इलाका होने के कारण बचाव दल को शवों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं बचाव दल के अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल नूर्चमन गिंधा द्राधिज्या ने बताया कि फिलहाल चार लोगों के शवों को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया है और उन्हें बॉडी बैग में रखा गया है जबकि तीन अन्य अभी भी हेलीकॉप्टर के मलबे के अंदर हैं।



शिन्हुआ के अनुसार, अंतिम पीड़ित की तलाश जारी है।

इंडोनेशियाई राष्ट्रीय पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार हेलीकॉप्टर की पहचान पीटी मैथ्यू एयर एयरबस एच-130 (पीके-सीएफएक्स) के रूप में हुई है। शिन्हुआ ने उड़ान विवरण के हवाले से बताया कि हेलीकॉप्टर में आठ लोग सवार थे। शिन्हुआ के अनुसार अधिकारियों ने बताया कि अंधेरा और दुर्गम भूभाग के कारण बचाव कार्य अस्थायी रूप से रोक दिया गया है और आज फिर से शुरू किया जाएगा।

द्राधिज्या ने आगे कहा, हम कल सुबह भी बचाव कार्य जारी रखेंगे, जिसमें हेलिकॉप्टर के मलबे को काटकर अंदर फंसे शवों को निकालने के प्रयास भी शामिल हैं। इससे पहले, इंडोनेशियाई राष्ट्रीय पुलिस ने कहा था कि सेकाडाऊ के घने जंगलों में मलबा मिलने के बाद संयुक्त बचाव दल सक्रिय रूप से निकासी अभियान में जुट गए हैं।

इंडोनेशियाई वायु सेना के एक सुपर प्यूमा हेलिकॉप्टर ने वीरवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 3:25 बजे अंतिम ज्ञात संपर्क बिंदु से लगभग तीन किलोमीटर दूर मलबे (जिसे विमान की पूंछ का हिस्सा माना जा रहा है) को सबसे पहले देखा। राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी (बासारनास) के संचालन एवं तैयारी उप प्रमुख एडी प्राकोसो ने कहा, हवाई निगरानी से संभावित स्थान का पता चल गया है। हमने बचाव अभियान में सहायता के लिए ये निर्देशांक जमीनी इकाइयों को भेज दिए हैं। वहीं स्थानीय निवासियों के सहयोग से जमीनी दल दुर्घटनास्थल तक पहुंचने के लिए कठिन भूभाग और अप्रत्याशित मौसम की स्थिति का सामना कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने इससे पहले बुकिट पुंतक क्षेत्र में एक विस्फोट की आवाज सुनने की सूचना दी थी। बचाव अभियान जारी रहने के दौरान अधिकारियों ने बचाव कार्य में सहयोग के लिए पास के हुलु पेनीती गांव में एम्बुलेंस भी तैनात कर दी थीं।

## सांसद अमृतपाल सिंह की मुश्किलें बढ़ीं, एनएसए हटने पर भी नहीं मिली रिहाई

**पंजाब, 17 अप्रैल।** पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने शुक्रवार को आदेश दिया कि खालिस्तानी नेता और खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह को 22 अप्रैल को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत उनकी हिरासत की अवधि खत्म होने के बाद भी असम की डिब्रूगढ़ जेल में ही रखा जाए। यह अंतरिम आदेश 17 मार्च को हुई एक सुनवाई के दौरान आया, जिसमें मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति संजीव बेरी की अध्यक्षता वाली एक पीठ पंजाब सरकार द्वारा दायर एक याचिका की जांच कर रही थी। इस याचिका में सरकार ने अमृतपाल सिंह को कई मामलों के सिलसिले में जिनमें 2023 में अजनाला पुलिस थाने पर हुए हमले से जुड़े मामले भी



शामिल हैं, लगातार हिरासत में रखने की मांग की थी। पंजाब सरकार ने दलील दी कि अमृतपाल सिंह को वापस पंजाब लाना कानून-व्यवस्था के लिए खतरा बन सकता है और इसके लिए उसने खुफिया इनपुट का हवाला दिया। फिलहाल इस चिंता को स्वीकार करते हुए, अदालत ने उन्हें 22 अप्रैल के बाद भी डिब्रूगढ़ जेल में ही रखने की अनुमति दे दी; 22 अप्रैल को ही उनकी एनएसए हिरासत की अवधि समाप्त होने वाली है।

## शुभमन गिल की फिफ्टी से जीती गुजरात टाइटंस, कोलकाता का अब तक नहीं खुला खाता

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 25वें मुकाबले में आज गुजरात टाइटंस की टक्कर कोलकाता नाइटराइडर्स से हो रही है। यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता ने 20 ओवर



में सभी विकेट खोकर 180 रन बनाए। कैमरन ग्रीन का बल्ला चला। उन्होंने 55 गेंदों पर 79 रन की पारी खेली। उनके अलावा रोवमैन पॉवेल ने 27 रन बनाए। कगिसो रबाडा ने 3 विकेट चटकाए।

कोलकाता 19वें सीजन में अब तक कोई मुकाबला नहीं जीत पाई है। ऐसे में अजिंक्य रहाणे आज जीत का खाता खोलना चाहेंगे। दूसरी ओर पहले 2 मैच में हार के बाद गुजरात टाइटंस ने जोरदार वापसी की। ऐसे में शुभमन गिल की नजर जीत की हैट्रिक लगाने पर है।

## पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को कानून के सामने आत्मसमर्पण कर गुवाहाटी में पेश होना चाहिए, क्योंकि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री की पत्नी से जुड़े आरोपों वाले एक मामले में खेड़ा की पारगमन जमानत की अवधि बढ़ाने से इनकार कर दिया है। 17 अप्रैल को उत्तर दिनाजपुर में एएनआई से बात करते हुए सरमा ने कहा कि मुझे लगता है कि पवन खेड़ा को कानून के सामने आत्मसमर्पण कर देना चाहिए। उन्हें गुवाहाटी आकर आत्मसमर्पण करना चाहिए।

इसी दिन इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने खेड़ा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें तेलंगाना उच्च न्यायालय द्वारा मंगलवार तक दी गई उनकी पारगमन जमानत को बढ़ाने की मांग की गई थी।

TIWARI'S
SARASWATI CLASSES
Since 1992
Parents' First Choice for 34+ Years
Prof. Dr. Dayanand Tiwari
Founder & Academic Director
ADMISSIONS OPEN
9th | 10th | 11th | 12th SCIENCE
NEET | JEE | MHT-CET
10 DAYS FREE DEMO
Attend Classes • Experience Our Teaching
Take Admission After Satisfaction
(No Hidden Conditions)
✓ 34+ Years of Academic Excellence
✓ Experienced & Dedicated Faculty
✓ Personal Attention
✓ Printed Notes & Regular Tests
✓ Strong Foundation for Boards & Competitive Exams
Santacruz Branch
101 Sai Chambers, Opp. Santacruz Railway Station (East), Near Depot, Santacruz (E), Mumbai-400055
Sion Branch
Opp. SIES College (Old), Near Gurukripa Hotel, Sion (West), Mumbai
Limited Seats / Small Batch Size
CALL NOW:
7738007373

DAKS REHAB CENTRE
(PARALYSIS PHYSIOTHERPHY CENTER AND OLD AGE HOME)
Contact us: 9820519851
विल्डिंग नंबर 3, प्लॉट नंबर 3, आदर्श घरकुल सोसायटी सायन कोलीवाडा जीटीबी नगर मुंबई-37
* Stroke/Paralysis/Complete Rehab Centre
* बाहर से आये रोगी और उनके परिजनो के ठहरने कि व्यवस्था
* वृद्ध लोगों के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध
* DM/HT/THYROID इन सब से कैसे बचें
* NGO में मिलनेवाली सहायता को लोगों में देना
* चिकिस्ता उपकरणो को किराये और बिक्री सुविधा उपलब्ध
* एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
* पोस्ट ऑपरेटिव रिहैब सेंटर
* मरीजों के लिए घर पर 12 और 24 घंटे जीडीए परिचारक
* विशेषज्ञ डॉक्टरो से ऑनलाइन और ऑफलाइन परामर्श की सुविधा उपलब्ध
* मासिक ईएमआई के आधार पर व्यक्तीयों, परिवारो और माता-पिता के लिए स्वास्थ्य निती की चिकिस्ता सुविधा उपलब्ध



NEW LIGHT CLASSES
TRADITION OF EXCELLENCE
2nd Floor, Sheetal Bldg.
Near Diamond Talkies,
L. T. Road, Borivali (West)
Mumbai - 400 092
Maharashtra
ADMISSIONS OPEN
ALL OVER INDIA
ENROLL NOW



SMART CLASSROOM
(ONLINE/OFFLINE)
Courses Offered
• Std. XI & XII (Sci.)
• NEET
• JEE (Main & Advance)
• MHT-CET
• Polytechnic & Engg
• Physics and Maths (ICSE, CBSE, ISC)
M: 9833240148 | E: edu@newlightclasses.com | W: www.newlightclasses.com

# वात्सल्य पीठः करुणा, साधना और आत्मोन्नति का दिव्य तीर्थ



-ललित गर्ग

दिल्ली जैसे महानगर की आपाधापी, भागदौड़ और संवेदनहीनता के बीच यदि कोई ऐसा स्थान निर्मित हो, जहाँ पहुंचते ही मन शांत हो जाए, आत्मा को विश्राम मिले और जीवन को एक नई दिशा का बोध हो, तो निश्चय ही वह स्थान साधारण नहीं, बल्कि दिव्यता का स्पंदित केन्द्र होता है। ह्यवात्सल्य पीठह्ल ऐसा ही एक अनुपम आध्यात्मिक तीर्थ बनकर उभरा है, जो शासनमाता साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी की स्मृतियों को संजोए हुए न केवल तेरापंथ धर्मसंघ के अनुयायियों के लिए, बल्कि समस्त मानवता के लिए शांति, साधना और आत्मिक उन्नति का केन्द्र बनने जा रहा है। 19 अप्रैल 2026 को इसके उद्घाटन का पावन अवसर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक युगीन



चेतना के जागरण एवं आध्यात्मिक अनुभवों का प्रतीक है। यह वही पावन भूमि है, जहाँ साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी ने अपने तप, त्याग और आत्म-साधना के अनेक अमूल्य क्षण व्यतीत किए एवं यह वही सिद्ध भूमि है जहां उन्होंने देह से विदेह होने की यानी निर्वाण यात्रा की है और इसी भूमि पर उनका दाह-संस्कार हुआ। आज वही भूमि वात्सल्य पीठ के रूप में एक ऐसे जीवंत तीर्थ में परिवर्तित हो चुकी है, जहाँ हर कण में वात्सल्य की मधुरता और साधना की गंभीरता अनुभव की जा सकती है। यहाँ का वातावरण मानो स्वयं बोलता है, यहाँ शांति केवल शब्द नहीं, बल्कि अनुभूति है, यहाँ अध्यात्म केवल विचार नहीं, बल्कि जीवन का साक्षात स्पर्श है। इस स्थल पर पहुंचकर ऐसा लगता है कि जीवन की समस्त अशांति, व्याकुलता और तनाव धीरे-धीरे विलीन हो रहे हैं और आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप की ओर लौट रही है।

वात्सल्य पीठ की संरचना और सज्जा भी अपने आप में अत्यंत अद्वितीय और आकर्षक है। इसकी वास्तुकला में आधुनिकता और आध्यात्मिकता का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। खुले आकाश की ओर उन्मुख इसकी रचना, प्राकृतिक प्रकाश के लिए बनाए गए स्काईलाइट्स, स्वच्छ वायु के संचार के लिए संतुलित वेंटिलेशन, और सादगी में निहित गरिमामयी भव्यता-ये सभी तत्व इसे एक सजीव ध्यान-स्थली का रूप प्रदान करते हैं। यहाँ की प्रत्येक दीवार, प्रत्येक मार्ग और प्रत्येक कोना जैसे एक मौन संदेश देता है कि जीवन का उद्देश्य बाहरी चकाचौंध में नहीं, बल्कि आंतरिक प्रकाश की खोज में है। तमसो मा ज्योतिर्गमय का शाश्वत मंत्र यहाँ की संरचना में साकार रूप से अनुभव किया जा सकता है। इसकी सज्जा कृत्रिम आडंबर से दूर, सहज और सात्विक है, जो साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा के व्यक्तित्व की ही तरह निर्मल, शांत और प्रभावशाली प्रतीत होती है। साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा का व्यक्तित्व अपने आप में एक विलक्षण प्रेरणा है। वे केवल एक साध्वी नहीं थीं, बल्कि वात्सल्य की मूर्ति, ज्ञान की गंगा और सृजन की सजीव सरस्वती थीं। अल्पायु में ही आचार्य तुलसी के सान्निध्य में दीक्षित होकर उन्होंने अपने जीवन को साधना, सेवा और सृजन के लिए समर्पित कर दिया। मात्र 17 वर्ष की आयु में उन्होंने जिस आध्यात्मिक पथ का वरण किया, वह आगे चलकर एक विराट साध्वी संघ के संचालन और मार्गदर्शन तक पहुँचा। लगभग सात सौ से अधिक साध्वियों के विशाल परिवार का नेतृत्व करना अपने आप में एक अद्भुत उपलब्धि है और यह तब और भी विशिष्ट हो जाता है जब उसमें अनुशासन के साथ-साथ वात्सल्य और संवेदना का संतुलन भी बना रहे। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि नारी केवल करुणा और ममता की प्रतीक नहीं, बल्कि संगठन, नेतृत्व और सृजन की भी अद्वितीय शक्ति है। उनका जीवन एक दीपशिखा की भांति था, जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश प्रदान करती रही। उनकी वाणी में ओज, विचारों में गहराई और आचरण में ऐसी पवित्रता थी, जो हर व्यक्ति को प्रभावित और प्रेरित करती थी। वे केवल आध्यात्मिक साधना तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि साहित्य, शिक्षा और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में भी उन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने अनेक साहित्यिक कृतियों की रचना और संपादन किया तथा आचार्य तुलसी की आत्मकथा मेरा जीवन मेरा दर्शन के संपादन में भी अपनी अद्वितीय प्रतिभा का परिचय दिया। उनकी लेखनी में संवेदनशीलता, अभिव्यक्ति में माधुर्य और चिंतन में गहराई का अद्भुत समन्वय था। वे एक सफल साध्वी, कुशल प्रशासक, प्रभावशाली वक्ता और संवेदनशील कवयित्री के रूप में जानी जाती थीं। वात्सल्य पीठ का निर्माण केवल एक स्मारक के रूप में नहीं किया गया है, बल्कि इसे एक जीवंत आध्यात्मिक केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। यह स्थान आने वाले समय में एक ऐसे तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित होगा, जहाँ न केवल श्रद्धालु, बल्कि जीवन में शांति-दिशा की खोज करने वाला प्रत्येक व्यक्ति आकर्षित होगा। यहाँ आने वाला हर व्यक्ति अपने भीतर एक नई ऊर्जा, एक नई सकारात्मकता और एक नए संकल्प का अनुभव करेगा। यह स्थान व्यक्ति को स्वयं से जोड़ता है और यही जुड़ाव उसे समाज, संस्कृति और मानवता के प्रति अपने दायित्वों का भी बोध कराता है।

शासन माता साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा का संपूर्ण जीवन वात्सल्य की ऐसी निर्मल धारा था, जिसने न केवल तेरापंथ साध्वी संघ को, बल्कि जन-जन के अंतर्मन को भी स्नेह, करुणा और आत्मीयता से आप्लावित किया। उनके व्यक्तित्व में वात्सल्य केवल एक गुण नहीं, बल्कि एक जीवंत चेतना थी, एक ऐसी करुणामयी ऊर्जा, जो हर मिलने वाले को अपनेपन के आलोक में भर देती थी। वे अनुशासन की अधिष्ठात्री होते हुए भी ममता की मूर्ति थीं, उनके सान्निध्य में कठोरता भी कोमलता में बदल जाती थी। उन्होंने सैकड़ों साध्वियों का नेतृत्व केवल व्यवस्था से नहीं, बल्कि माँ की तरह स्नेहिल संरक्षण देकर किया और यही कारण था कि उनके व्यक्तित्व में शासन और माता का अद्भुत संगम साकार हुआ। उनके प्रेम, संवेदना और वात्सल्य की असीम अनुकम्पा से अनगिनत जीवन स्पर्शित, परिवर्तित और आलोकित हुए। इसी वात्सल्य-रस से आप्लावित उनके जीवन की स्मृतियों को सहेजने के लिए वात्सल्य पीठ नाम पूर्णतः सार्थक और उपयुक्त प्रतीत होता है, क्योंकि यह केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि उस दिव्य मातृत्व, उस अनंत करुणा और उस जीवनदायी स्नेह का प्रतीक है, जिसे साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा ने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में जिया और जन-जन तक पहुँचाया। आज के समय में, जब भौतिकता और प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में मनुष्य अपने भीतर की शांति और संतुलन खोता जा रहा है, ऐसे में वात्सल्य पीठ जैसे केन्द्र अत्यंत आवश्यक हो जाते हैं। यह हमें स्मरण कराता है कि जीवन का वास्तविक सुख बाहरी उपलब्धियों में नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन और आत्मिक उन्नति में निहित है। साध्वी प्रमुखा कनकप्रभा जी का जीवन इसी सत्य का सजीव उदाहरण है। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से यह संदेश दिया कि साधना से आत्मा का उत्थान होता है, सेवा से समाज का निर्माण होता है और सृजन से संस्कृति का संवर्धन होता है। वात्सल्य पीठ इसी त्रिवेणी-साधना, सेवा और सृजन का साकार रूप है। यह स्थान न केवल अतीत की गौरवगाथा को संजोए हुए है, बल्कि भविष्य के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत है। यहाँ की हर ईंट, हर पत्थर और हर संरचना में साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी के जीवन मूल्यों की झलक दिखाई देती है। यह स्थल उनके व्यक्तित्व का प्रतिबिंब ही नहीं, बल्कि उनके विचारों और साधना का जीवंत विस्तार है। निस्संदेह, आने वाले समय में वात्सल्य पीठ एक ऐसे तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित होगा, जहाँ से शांति, करुणा और आध्यात्मिकता की किरणें चारों ओर फैलेगी। यह स्थान जन-जन को यह प्रेरणा देगा कि जीवन की सच्ची यात्रा बाहर नहीं, भीतर की ओर होती है, और उसी यात्रा में आत्मा को उसका वास्तविक आनंद, शांति और मुक्ति का अनुभव प्राप्त होता है। वास्तव में, वात्सल्य पीठ केवल एक स्थान नहीं, बल्कि एक अनुभूति है-एक ऐसी अनुभूति, जो मन को शांत करती है, आत्मा को जागृत करती है और जीवन को सार्थक बनाती है। यहाँ आकर हर व्यक्ति यही अनुभव करेगा कि जब जीवन में वात्सल्य, करुणा और साधना का संगम होता है, तभी जीवन अपने वास्तविक अर्थ को प्राप्त करता है। यही इस दिव्य स्थल की सबसे बड़ी उपलब्धि और विशेषता है।

वात्सल्य की छाया में जब आत्मा को विश्राम मिलेगा, तभी जीवन का हर क्षण प्रभु-स्मरण में धाम मिलेगा।

# मौसम विभाग की आंख मिचोली, कभी लू तो कभी बरसात



अशोक भाटिया

वर्तमान में, देश भर में मौसम में बड़ा बदलाव है, कुछ हिस्सों में गरज और गरज के साथ तूफान और कुछ हिस्सों में गर्मी की लहर और आर्द्र मौसम की चेतावनी दी गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) ने 21 अप्रैल तक का मौसम पूवार्नुमान जारी किया है। इस पूवार्नुमान के अनुसार, महाराष्ट्र सहित 13 राज्यों में लू चलने की संभावना है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक के कुछ हिस्सों में 19 अप्रैल तक लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़, तेलंगाना, पश्चिम मध्य प्रदेश, ओडिशा में 17 से 19 अप्रैल, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और रायलसीमा में 17 और 18 अप्रैल को लू की स्थिति की भविष्यवाणी की है। आईएमडी के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत में पश्चिमी हवाओं के साथ एक पश्चिमी प्रणाली सक्रिय है। 16 अप्रैल की रात से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में एक नया लेकिन कमजोर पश्चिमी सिस्टम आने की संभावना है। इसके कारण, उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है। मध्य, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में गर्म हवा के साथ आर्द्र मौसम की संभावना है।

16 से 19 अप्रैल तक पूर्वोत्तर भारत के असम और मेघालय में हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। गरज के साथ बारिश की संभावना है। 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

नागपुर जिला प्रशासन ने विदर्भ में लू की स्थिति और पारा 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास मंडरा रहे मद्देनजर सभी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए हाई अलर्ट जारी किया है।अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अविनाश गवांडे ने कहा कि कोल्ड बाथ रखा गया है और पर्याप्त दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं।पुणे में आज और कल तापमान बढ़ेगा और 17 अप्रैल को पुणे में लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि दोपहर में काम न होने पर बाहर न निकलें। पुणे में तापमान 42 डिग्री तक जाने की संभावना है। 18 और 19 अप्रैल को पुणेकरों को मिलेगी गर्मी से राहत शहर में कुछ बारिश होने की संभावना है। सड़कें सुनसान हैं।

बताया जाता है कि पश्चिम एशिया में अभी भी युद्ध के बादल घने होने के साथ, इस साल का मानसून और भी शुष्क होने की उम्मीद है, दो गहराते बादलों के संयुक्त प्रभाव के साथः तेल की अनिश्चितता, आयात-निर्यात में देरी और युद्ध के कारण मुद्रास्फीति, बिना किसी वर्षा के। पीने के पानी का भी संकट है। कम से कम जल संकट के लिए तैयारी करना संभव है, इस तथ्य को देखते हुए कि युद्ध के बारे में कुछ भी नहीं किया जा सकता है। बेहतर होगा कि अगर हम अभी करने की कोशिश नहीं करेंगे तो इससे समस्याएं ही पैदा होंगी। इस संभावित संकट पर ध्यान देना जरूरी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने हाल ही में इस साल देश में सामान्य से 92 प्रतिशत बारिश होने का दीर्घकालिक पूवार्नुमान जारी किया है। इसलिए तैयार रहना जरूरी है। ला नीना और अल नीनो दो कारक हैं जिनका हमारी वर्षा पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। सीधे शब्दों में कहें तो 'ला नीना' बारिश के लिए अच्छा है और 'अल नीनो' मारक है। अल नीनो की स्थिति के दौरान, अधिकांश समय वर्षा सामान्य से कम होती है। अब तक, ला नीना में नरमी आ गई है और स्थिति तटस्थ है, लेकिन आईएमडी ने भविष्यवाणी की है कि जून के बाद अल नीनो का प्रभाव बढ़ेगा, जो मानसून के लिए अनुकूल नहीं है। इसके संभावना बढ़ जाते हैं। इतना ही नहीं, इस साल की स्थिति और भी चिंताजनक है, क्योंकि मौसम विभाग द्वारा 92 प्रतिशत बारिश का पूवार्नुमान पिछले तीन दशकों में सबसे कम है। इस संबंध में और अधिक तैयारी करना आवश्यक है। पिछले तीन दशकों में बढ़ता शहरीकरण, इसकी बढ़ती आबादी और राज्य के किसी भी शहर में पीने के पानी की कमी से विकट स्थिति पैदा हो सकती है। पुणे, मुंबई और ठाणे जैसे शहरों में नवविकसित क्षेत्रों में बड़ी इमारतों को अभी भी पानी के लिए टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता है, क्योंकि पानी के वितरण में ढिलाई बरती जा रही है, लेकिन उन क्षेत्रों के लिए भी जहां पानी कम होने पर पाइप से पानी बहता है। इस तरह के संकट में मुनाफाखोरी कैसे हो सकती है और यह कैसे आम आदमी को बर्बाद कर सकती है, यह नए सिरे से बताने की जरूरत नहीं है।

महाराष्ट्र के कई बांध सिंचाई के लिए पानी भी उपलब्ध कराते हैं, लेकिन चूंकि पानी की कमी के समय पीने के पानी को प्राथमिकता दी जाती है, इसलिए कम वर्षा के पूवार्नुमान का कृषि पर भी गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। उत्पादन में व्यवधान केवल समस्याओं को बढ़ाएगा। वर्तमान में महाराष्ट्र के बांधों में जल भंडारण पिछले साल की तुलना में अधिक है। इसकी योजना अभी तत्काल प्राथमिकता है। आईएमडी मई के अंत तक संशोधित मानसून पूवार्नुमान जारी करेगा। वर्तमान पूवार्नुमान में सबसे आश्वस्त करने वाली चीजों में से एक यह है कि मानसून के बाद की अवधि में हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) की स्थिति सकारात्मक होने की संभावना है। क्ड्ऊ हिंद महासागर की पूर्वी और पश्चिमी महासागर सतहों पर तापमान में अंतर है। जब पश्चिम में समुद्र की सतह का तापमान औसत से ऊपर होता है, तो आईओडी सकारात्मक होता है, जो अच्छी वर्षा के लिए उपयोगी होता है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि बाद के वर्षों में यह प्रभाव कितना देखा जाएगा, और यदि यह वास्तव में सकारात्मक होने जा रहा है, तो मानसून के पहले चरण में क्या किया जाना चाहिए?

इसका उचित कारण यह है कि हमारे शासकों में इस संभावित संकट से निपटने की इच्छाशक्ति नहीं है, शायद पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव, नारी शक्ति वंदन आदि जैसे अधिक महत्वपूर्ण व्यवधानों के कारण, लेकिन यह जलवायु संकट हमारे शासकों की प्राथमिकता में नहीं होना चाहिए। स्थिति का उदाहरण याद रखें। दरअसल, बारिश के मौसम की तरह ही सर्दियों के आगमन को भी नेमेची कहा जाता है। हालांकि, नियमित बारिश के कारण, मुंबई में नियमित रूप से गड्ढे होते हैं और सामान्य ठेकेदारों को भीख मांगने का मौका मिलता है। साथ ही दिल्ली में सर्दियों में हवा प्रदूषित होती है और कई लोगों के पास छाती के पिंजरे होते हैं। लेकिन हमारे शासक प्रदूषण को रोकने के लिए निवारक उपाय नहीं करना चाहते हैं, कम से कम इसे कम करने के लिए। इसका कारण यह है कि यदि पर्यावरण संरक्षण के उपाय किए जाते हैं, तो भी इसके परिणामों का अनुभव करने के लिए संबंधित लोगों को कुछ समय देना पड़ता है। पर्यावरण संरक्षण के उपाय वृक्षारोपण के समान हैं। पेड़ लगाने वालों के लिए उस पेड़ के फलों का स्वाद लेना संभव नहीं है। लेकिन जिस तरह हमें पेड़ लगाना बंद नहीं करना है, उसी तरह हमें पर्यावरण की रक्षा के उपाय करने से नहीं बचना चाहिए। इस संदर्भ में, यह सीखने लायक है कि चीन के बीजिंग, जिसे कभी दुनिया में सबसे प्रदूषित माना जाता था, ने पर्यावरण को कैसे शुद्ध किया। लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि हम इस तरह सीखेंगे।

ज्ञात हूँ कि नवीनतम मौसम पूवार्नुमान इस तरह के सूखे की संभावना का संकेत देते हैं, इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि हमारी प्रणाली वास्तव में इस तरह के सूखे के परिणामों को कम करने के लिए उपाय करेगी, कम से कम हमारा इतिहास बताता है कि कृषि, उद्योग/कृषि और नागरिकों के बीच पानी का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए अभी से प्रयास किए जाने चाहिए। यह आवश्यक है। दूसरा मुद्दा उर्वरक का है। अगर यह संकट कृषि पर आने वाला है तो कम से कम उपलब्ध पानी में खेती के लिए खाद की आपूर्ति का समाधान तो होगा। आगामी कृषि सीजन में उर्वरक आपूर्ति के लिए प्रयास अभी से शुरू होने चाहिए, खासकर जब पश्चिम एशिया में युद्ध ने उर्वरक उत्पादन और आपूर्ति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।शायद इसलिए कि संबंधित लोगों को अकाल की गंभीरता का एहसास तब तक नहीं होता जब तक कि अकाल नहीं पड़ता है, और एक बार अकाल पड़ता है, तो पूरी व्यवस्था खुशी से भर जाती है। विशेष निधि, उसका उपयोग करने का सौभाग्य, और यह दिखाने का अवसर कि हम 'बलिराजा' के लिए बहुत कुछ कर रहे हैं, प्राकृतिक आपदा से नहीं आते हैं।

# डिजिटल दादागिरी का दौर : फेसबुक पर पैसा दो या गुम हो जाओ, इंस्टाग्राम पर टैलेंट दिखाओ और छा जाओ!



-सुरेश गांधी

डिजिटल क्रांति के इस युग में जहां सोशल मीडिया को अभिव्यक्ति की आजादी का सबसे बड़ा मंच माना गया, वहीं अब उसी मंच पर नियंत्रण, दबाव और व्यावसायिक हित के आरोप तेज होते जा रहे हैं। कभी दोस्ती और संवाद का माध्यम रहा फेसबुक आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है, जहां यूजर्स खुलकर कह रहे हैं, अगर पैसे नहीं दिए, तो आपकी आवाज कहीं नहीं पहुंचेगी। इसके उलट, इंस्टाग्राम युवाओं के लिए एक नए अवसर का मंच बनकर उभरा है, जहां बिना किसी बड़े संसाधन के भी कोई सामान्य यूजर रातोंरात पहचान बना सकता है। यही कारण है कि देश का युवा वर्ग तेजी से फेसबुक से दूरी बनाकर इंस्टाग्राम की ओर झुकता जा रहा है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक पहलू है, डिजिटल कंट्रोल का बढ़ता दायरा, जिसमें अब मीडिया संस्थान भी खुद को असहज महसूस करने लगे हैं। मतलब साफ है अब खबर नहीं, एल्गोरिद्म तय करता है, आप दिखेंगे या गायब हो जाएंगे!

सोशल मीडिया की इस लड़ाई में एक नया मोर्चा खुला है, एक्स यानी पूर्व का ट्विटर। यूजर्स और मीडिया हाउस लगातार यह आरोप लगा रहे हैं कि फेसबुक पर यदि एक्स के लिंक या पोस्ट को शेयर किया जाता है, तो उसकी पहुंच अचानक कम हो जाती है। कई मामलों में पोस्ट हटने, चेतावनी मिलने या अकाउंट पर कार्रवाई तक की शिकायतें सामने आई हैं। हालांकि फेसबुक इस तरह के किसी भेदभाव को आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं करता, लेकिन



है। यही वजह है कि युवा इसे निष्पक्ष मंच मानते हैं, जबकि फेसबुक को कॉमर्शियल प्लेटफॉर्म के रूप में देखा जाने लगा है।

आज सोशल मीडिया पर असली ताकत कंटेंट में नहीं, बल्कि एल्गोरिद्म में है। एल्गोरिद्म यह तय करता है : कौन-सी पोस्ट ज्यादा लोगों तक पहुंचेगी, किसे नजरअंदाज किया जाएगा, किसे चेतावनी मिलेगी या हटाया जाएगा. जब यह निर्णय एक ब्लैक बॉक्स के भीतर होता है, तो पारदर्शिता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

**युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे इंस्टाग्राम को लेकर धारणा है कि यहां टैलेंट को बिना किसी आर्थिक दबाव के पहचान मिलती है। वहीं फेसबुक पर लगातार यह आरोप गूंज रहा है कि बिना पैसे खर्च किए आपकी आवाज भी दबा दी जाती है. हालात ऐसे हैं कि अब यूजर्स खुलकर कहने लगे हैं, फेसबुक पर पोस्ट डालो तो सन्नाटा, इंस्टाग्राम पर डालो तो वायरल! यह बदलाव केवल प्लेटफॉर्म का नहीं, बल्कि भरोसे का भी है. सबसे गंभीर सवाल यह है कि क्या एल्गोरिद्म अब तय करेगा कि कौन दिखेगा और कौन नहीं? और अगर ऐसा है, तो क्या सोशल मीडिया का तथाकथित डिजिटल लोकतंत्र सिर्फ एक भ्रम बनकर रह जाएगा? क्या मीडिया की स्वतंत्रता एल्गोरिद्म के हाथ में चली गई है? क्या डिजिटल लोकतंत्र अब डिजिटल कंट्रोल बनता जा रहा है?**

व्यवहारिक अनुभव कुछ और ही कहानी बयान करते हैं। यह पूरा मामला केवल तकनीकी नहीं, बल्कि डिजिटल वर्चस्व की लड़ाई जैसा प्रतीत होता है, जहां हर प्लेटफॉर्म चाहता है कि यूजर उसी के इकोसिस्टम में रहे और कहीं और न जाए।

इस एल्गोरिद्मिक दबाव का सबसे बड़ा असर अब मीडिया इंडस्ट्री पर दिख रहा है। हाल यह है कि आज तक, हिन्दुस्तान, भास्कर, अमर उजाला जैसे सभी बड़े मीडिया संस्थान भी अब फेसबुक की सीमाओं को समझ चुके हैं। परिणामस्वरूप, उन्होंने अपनी डिजिटल रणनीति बदल दी है : फेसबुक पर केवल आकर्षक हेडिंग या ब्रेकिंग लाइन पोस्ट की जाती है. पूरी खबर सीधे पोस्ट करने से बचा जाता है. यूजर्स को निर्देश दिया जाता है, पूरी खबर कमेंट बॉक्स में पढ़िए. यह बदलाव केवल तकनीकी नहीं, बल्कि मजबूरी का संकेत है। मीडिया संस्थान अब एल्गोरिद्म से टकराने के बजाय उसके हिसाब से खुद को ढालने लगे हैं।

फेसबुक पर लगातार बढ़ते बूस्ट पोस्ट और पेड प्रमोशन के चलन ने एक नई बहस को जन्म दिया है, क्या अब सोशल मीडिया भी आर्थिक असमानता का शिकार हो गया है? आज स्थिति यह है कि अगर आप चाहते हैं कि आपकी पोस्ट ज्यादा लोगों तक पहुंचे, तो आपको पैसा खर्च करना होगा। इसके विपरीत, इंस्टाग्राम अभी भी एक हद तक ऑर्गेनिक ग्रोथ का मौका देता है। वहां कंटेंट की गुणवत्ता और यूजर एंगेजमेंट के आधार पर पोस्ट वायरल हो सकती

यूजर्स को यह महसूस होने लगा है कि उनकी आवाज अब उनके हाथ में नहीं, बल्कि एक अदृश्य सिस्टम के नियंत्रण में है। युवाओं का इंस्टाग्राम की ओर झुकाव केवल ट्रेंड नहीं, बल्कि एक संदेश है। यह संदेश है कि युवा ऐसे मंच की तलाश में हैं : जहां उन्हें बिना पैसे के पहचान मिले, जहां उनकी प्रतिभा को मौका मिले, जहां एल्गोरिद्म न्यायपूर्ण लगे. लेकिन सवाल यह भी है कि क्या यह भरोसा लंबे समय तक कायम रहेगा? इतिहास बताता है कि जैसे-जैसे प्लेटफॉर्म बड़ा होता है, वह व्यावसायिक दबाव में आ जाता है। ऐसे में इंस्टाग्राम का भविष्य भी इसी दिशा में जा सकता है।

सोशल मीडिया को अक्सर डिजिटल लोकतंत्र कहा जाता है, लेकिन मौजूदा हालात इस धारणा को चुनौती दे रहे हैं। अगर प्लेटफॉर्म यह तय करने लगें कि कौन-सी जानकारी दिखेगी और कौन-सी नहीं, तो यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए खतरे की घंटी हो सकती है। मीडिया संस्थानों का कमेंट बॉक्स मॉडल अपनाना इस बात का संकेत है कि अब कंटेंट नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म की नीतियां हावी हो रही हैं। आज सोशल मीडिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां अवसर और नियंत्रण के बीच की रेखा धुंधली होती जा रही है। फेसबुक जहां कमाई का मंच बनता जा रहा है, वहीं इंस्टाग्राम मौकों का मंच बना हुआ है। लेकिन दोनों ही अंततः एक ही कॉर्पोरेट ढांचे के भीतर संचालित होते हैं। सच्चाई यह है : अब सोशल मीडिया पर आपकी पहुंच आपके कंटेंट से ज्यादा, प्लेटफॉर्म की नीतियों और आपकी आर्थिक क्षमता पर निर्भर करती जा रही है। और जब खबरें हेडिंग तक सिमट जाएं, और पूरी सच्चाई कमेंट बॉक्स में छिपानी पड़े, तो यह सिर्फ तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि एक गहरे डिजिटल संकट का संकेत है।

# अनंत समृद्धि का दिन है अक्षय तृतीया



-रमेश सर्राफ धमोरा

## 19 अप्रैल अक्षय तृतीया पर विशेष

हमारे देश में समय-समय पर बहुत से त्यौहार मनाये जाते हैं। इसलिए हमारे देश को त्योहारों का देश भी कहते है। हिन्दू धर्मावलम्बियों के प्रमुख त्योहारों में से एक अक्षय तृतीया है जिसे हम आखा तीज भी कहते हैं। अक्षय तृतीया देश भर में हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक है। माना जाता है कि इस दिन से जो भी कार्य इस शुरू होता है वो हमेशा पूर्ण होता है। यह त्यौहार हर वर्ष वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष के तृतीया को आता है। इस वर्ष अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को है।

अक्षय तृतीया को शादी का अबूझ मुहुर्त माना जाता हैं। क्योंकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इसी कारण अक्षय तृतीया को बहुत अधिक शादियां होती हैं। अक्षय तृतीया का पर्व बसंत और ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है। इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण और पिंडदान भी पूर्ण विश्वास से किया जाता है जिसका फल भी अक्षय होता है। इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। क्योंकि सतयुग की समाप्ती पर त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है।

माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था। इसीलिये इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि आखा तीज के दिन राजा भागीरथ गंगा नदी को पृथ्वी पर लाये थे। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु तथा उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। आखा तीज के दिन ही देवी अन्नपूर्णा का जन्म भी हुआ था। यह वह दिन था जब भगवान कृष्ण ने अपनी सारी संपत्ति और सौभाग्य अपने गरीब मित्र सुदामा को दे दिया था। अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धेय ऋषि वेद व्यास ने महाभारत की रचना शुरू की थी। और पुराणों के अनुसार यह दिन त्रेता युग की शुरूआत का प्रतीक है। जो मानव जाति के चार युगों या युगों में से दूसरा है।

अक्षय तृतीया वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। हिंदू शास्त्रों और पुराणों के अनुसार चार युग का चक्र होता है, जिसे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सतयुग जिसे इंसान के जीवन का सुनहरा दौर कहा जाता है वो समाप्त हो जाता है और त्रेतायुग शुरू हो जाता है। इसलिए अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है। हिंदू परिवारों के लिए यह दिन बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

अक्षय शब्द का अर्थ होता है कभी न मिटने या कम होने होने वाला। संस्कृत में अक्षय (अक्षय) शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता होता है। जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इसका नाम हिंदू कैलेंडर में वैसाख के वसंत महीने के तीसरे चंद्र दिवस के नाम पर रखा गया है। इस त्योहार को हम अपनी भाषा में आखातीज नाम से भी जानते हैं। जिसका अर्थ होता है जो कभी खत्म ना होने वाला। इसलिए माना जाता है की यह दिन हमारे लिए वस्तुओं की खरीदारी का सबसे शुभ दिन माना जाता है। ₹अक्षय₹ शब्द का अर्थ होता है जो कभी खत्म न हो। इसी कारण इस दिन किए गए सभी अच्छे कार्यों, जैसे जप, यज्ञ, दान-पुण्य, का पुण्य कभी भी समाप्त नहीं होता। माना जाता है कि अक्षय तृतीया का दिन व्यक्ति को अनंत सुख और समृद्धि की प्राप्ति करता है। इस दिन जितने पुण्य किए जाए उतने हमें हमारे लिए कम है। जैन धर्म में अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण तिथि है जिसे दान और पुण्य कार्य करने के लिए विशेष रूप से शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) ने एक वर्ष की तपस्या के बाद गन्ने के रस से पारणा किया था इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं। अक्षय तृतीया के दिन यूं तो आप किसी भी देवी-देवता की पूजा कर सकते हैं। लेकिन विशेष रूप से इस दिन माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और धन के देवता कुबेर की पूजा करने का विधान है। अन्य त्योहारों की तरह इस त्यौहार में भी दीपक जलाते हैं। इस दिन किया गया परोपकार हमारे लिए जीवन को सुखी बना देता हैं। इसीलिए इस दिन लोग गरीबों को भोजन कराते हैं तथा उनकी सहायता करते हैं।

माना जाता है कि इस दिन किए गए पुण्य हमारे लिए स्वर्ग में जगह बनाते हैं। इस दिन कई लोग जागरण रखकर हवन करते हैं तथा गरीबों को दान देते हैं। कई लोग अपने नए घर में मुहूर्त के हिसाब से प्रवेश करते हैं। अक्षय तृतीया का पौराणिक महत्व भी है। मान्यता है कि इसी दिन सतयुग और त्रेता युग का आरंभ हुआ था। द्वापर युग का समापन और महाभारत युद्ध का समापन भी इसी तिथि को हुआ था। देश के अनेक हिस्सों में इस तिथि का अलग-अलग महत्व है। जैसे उड़ीसा और पंजाब में इस तिथि को किसानों की समृद्धि से जोड़कर देखा जाता है। तो बंगाल में इस दिन गणपति और लक्ष्मीजी की पूजा का विधान है। इतना पवित्र पर्व होने के उपरांत भी इस दिन बड़ी संख्या में होने वाले बाल विवाह इस पर्व के महत्व को कम करते हैं। अबूझ सावा मानकर बड़ी संख्या में लोग अपने नाबालिक बच्चों की इस दिन शादी कर देते हैं। कम उम्र के बच्चों के विवाह रोकने के लिए इस दिन प्रशासन को विशेष इंतजाम करने पड़ते हैं। राजस्थान सहित कई प्रदेशों में तो अक्षय तृतीया का दिन बाल विवाह के लिए बदनाम हो चुका है। विकास के दौर में बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के माथे पर एक कलंक के समान है।

देश में अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर हर वर्ष हजारों की संख्या में बाल विवाह किए जाते हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। भारत में बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद एक नाबालिग बेटी की जबर्दस्ती शादी करा दी जा रही है। बाल विवाह मनुष्य जाति के लिए एक अभिशाप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह बेटी बचावो बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं। देश के सभी प्रदेशों में बेटियां शिक्षित हो रही है। ऐसे में समाज को आगे आकर कम उम्र में लड़कियों के होने वाले बाल विवाह रुकवाने के प्रयास करने होंगे। ऐसे पवित्र दिन का महत्व बनाए रखने के लिए समाज को इस दिन होने वाली कुरीतियों पर रोक लगाकर एक सकारात्मक संदेश देना होगा। तभी सार्थकता बनी रह पाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भिवंडी का नाम रोशन करने वाले कलाकार मंसब मोमिन का किया गया भव्य सत्कार



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज के पूर्व छात्र एवं सुलेखन कला विशेषज्ञ मंसब मोमिन (मंसब आर्ट) का संस्था की ओर से भव्य सत्कार किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल जिया-उर-रहमान अंसारी और पूर्व चेयरमैन शफी मुकरी ने उन्हें शाल, उपहार और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में वाईसीएमओयू स्टडी सेंटर के कोऑर्डिनेटर अब्दुल अजीज अंसारी, सुलेख शिक्षक अजीम गरकाब सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि मंसब मोमिन ने दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कुरआनी सुलेख प्रदर्शनी में अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन कर न केवल अपनी अलग पहचान बनाई, बल्कि भिवंडी शहर, अपने शिक्षण संस्थान और माता-पिता का नाम भी रोशन किया। देश-विदेश से आए कलाकारों के बीच उनकी कृतियों को विशेष सराहना मिली। उनकी कला में सौंदर्य, नजाकत और आध्यात्मिकता की अनूठी झलक देखने को मिली, जिसने दर्शकों और विशेषज्ञों को प्रभावित किया। खुशी की बात यह है कि उनकी कृतियों का चयन नॉर्वे (यूरोप) में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय कुरआनी सुलेख प्रदर्शनी के लिए भी किया गया है, जो पूरे भिवंडी के लिए गर्व का विषय है। इस उपलब्धि पर संस्था के चेयरमैन, प्रिंसिपल एवं समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं मंसब मोमिन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, माता-पिता और शुभचिंतकों को देते हुए आगे भी समर्पण के साथ अपनी कला को निखारने का संकल्प व्यक्त किया।

## डा. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती के अवसर पर भिवंडी में 200 संविधान प्रतियों का वितरण कर जागरूकता का दिया संदेश



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भारतरत्न डा. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती के अवसर पर भिवंडी में सुप्रिया स्वाधार महिला सामाजिक संस्था द्वारा 200 संविधान प्रतियों का निःशुल्क वितरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें धामणकर नाका क्षेत्र में हजारों भीमसैनिक और आंबेडकर अनुयायी शामिल हुए। शोभायात्रा में शामिल सभी धर्मों के नागरिकों के स्वागत हेतु संस्था की अध्यक्षा स्वाती कांबले ने स्वागत कक्ष में विभिन्न मंडलों के पदाधिकारियों का संविधान की प्रतियां भेंट कर अभिनंदन किया।

स्वाती कांबले ने बताया कि डा. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा लिखी गई भारतीय संविधान विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की आधारशिला है, लेकिन आज भी कई लोगों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की पूरी जानकारी नहीं है। इसी जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से संविधान की प्रतियां वितरित की गईं। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया।

## यज्ञनाथ सिंह के तिलकोत्सव पर रामचरित मानस पाठ एवं महा भंडारे का आयोजन



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिले के बोईसर शहर निवासी सतेंद्र सिंह के सुपुत्र यज्ञनाथ सिंह के तिलकोत्सव के उपलक्ष्य में उनके निवास स्थल अनंत अपार्टमेंट, ओत्सवाल, बोईसर में शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 को रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ मंत्रोचारण के साथ किया गया। कार्यक्रम में परिवार व अन्य सगे संबंधियों के साथ ही साथ शुभचिंतकों ने भाग लिया, जहां विशेष रूप से पवित्र रामचरित मानस का पाठ किया गया। यह आयोजन रातभर चलता रहेगा और शनिवार 18 अप्रैल को महाभंडारे के साथ समापन होगा। महाभंडारे में आसपास के लोगों को प्रसाद वितरित किया जायेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक एकता व धार्मिक सद्भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर प्रभु राम की भक्ति में लीन होकर धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के संदर्भ में आयुक्त का शहरव्यापी निरीक्षण

**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा भायंदर नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को गति देते हुए शहर में स्वच्छता स्तर को और सुदृढ़ बनाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद निगम अब इस उपलब्धि को बरकरार रखने के लिए और अधिक सशक्त प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में, दिनांक 16 अप्रैल 2026 को आयुक्त राधाबिनोद ए. शर्मा (बी.पी.एस.) ने शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों का व्यापक निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मीरा रोड रेलवे स्टेशन परिसर, जॉगर्स पार्क, हिंदू कब्रिस्तान नाला, सृष्टि क्षेत्र तथा जरीमारी झील सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया गया। इस दौरान स्वच्छता व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नालों की सफाई (गाद निकासी), सार्वजनिक सुविधाओं एवं समग्र स्वच्छता स्थिति की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर पाए गए निर्माण मलबे को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही, शहर में गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। शहर को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से सार्वजनिक स्थलों पर भित्तिचित्रों के माध्यम से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश प्रसारित करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही, अनाधिकृत पोस्टर एवं अवैध दीवार लेखन हटाकर शहर की सौंदर्य वृद्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। संबंधित विभागों



को अतिक्रमण हटाने, कचरा संग्रहण एवं स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण को अधिक प्रभावी बनाने, नालों एवं सीवरों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा सार्वजनिक स्थलों, उद्यानों एवं जलाशयों के रखरखाव में सुधार लाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि नागरिकों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शहर में स्थायी एवं प्रभावी स्वच्छता उपाय लागू किए जाएं। उन्होंने कहा कि शहर की प्रथम रैंकिंग को बनाए रखने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। मीरा भायंदर नगर निगम स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में पुनः देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ नागरिकों की सक्रिय भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। सभी नागरिकों से स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने की अपील की गई । निरीक्षण के दौरान उपायुक्त डॉ. सचिन बंगर, कार्यकारी अभियंता नितिन मुकाने, कार्यकारी अभियंता शरद नानेगांवकर, संबंधित वार्डों के सहायक आयुक्त, अभियंता, स्वच्छता निरीक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए।

## पुलिस और बजरंग दल की संयुक्त कार्रवाई में एक नंदी को कत्ल होने से बचा



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण पश्चिम के दूध नाका इलाके में पुलिस और बजरंग दल की संयुक्त कार्रवाई में एक नंदी को कत्ल होने से बचा लिया गया। छापा मारकर नंदी की सुरक्षित रिहाई कराई गई है। कल्याण पश्चिम के दूध नाका परिसर में गोवंश को कत्ल के लिए बांधकर रखने की सूचना मिली थी। जानकारी मिलते ही बजरंग दल के पदाधिकारियों ने पुलिस के सहयोग से जाल बिछाकर छापा मारा। संयुक्त कार्रवाई में संबंधित नंदी को सुरक्षित बचा लिया गया। पुलिस ने मौके पर हालात काबू में कर आरोपियों पर केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

घटना के बाद कल्याण पुलिस सतर्क हो गई है। गोवंश कत्ल की घटनाओं और विश्व हिंदू परिषद कार्यकताओं की सतर्कता के चलते पुलिस ने इलाके में कड़ी नजर रखी है। किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बंदोबस्त तैनात किया गया है। बचाए गए नंदी को सुरक्षा के लिए गोपाल गोशाला, अनगांव भेज दिया गया है।

## केडीएमसी में उद्धव सेना के गटनेता उमेश बोरगावकर के कार्यालय का उद्घाटन

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** केडीएमसी में उद्धव सेना के नेता वरुण सरदेसाई ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव से सत्ता स्थापना तक हमारे नगरसेवक एकनिष्ठ रहे, इस पर नेटफ्लिक्स का शो बन सकता है। कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका में उद्धव सेना के गटनेता उमेश बोरगावकर के कार्यालय का उद्घाटन विधायक वरुण सरदेसाई के हाथों किया गया। इस मौके पर सरदेसाई ने केडीएमसी के पिछले चुनाव और सत्ता संघर्ष पर टिप्पणी की।

सरदेसाई ने कहा, केडीएमसी चुनाव कैसे हुआ ये सबको पता है। धनशक्ति वर्सेस जनशक्ति का संघर्ष था। नगरसेवक बिनविरोध चुनकर लाने के लिए पैसे का इस्तेमाल हुआ, प्रलोभन दिए गए। ऐसे माहौल में भी हमारे 10 नगरसेवकों की निष्ठा सत्ता स्थापना से लेकर आज तक कायम है। इस पर नेटफ्लिक्स का शो बन सकता है।

### विधायक वरुण सरदेसाई ने काटा रिबन



सरदेसाई ने कहा कि कल्याण-डोंबिवली में ठाकरे गुट ने फिर से अपनी ताकत दिखाई है। विधान परिषद चुनाव की पृष्ठभूमि में शिवसैनिक चाहते हैं कि उद्धव ठाकरे नेतृत्व करें। उम्मीदवार का अंतिम फैसला उद्धव ठाकरे का होगा। महाविकास आघाडी के घटक दलों से चर्चा कर ही अधिकृत उम्मीदवार घोषित होगा। सरदेसाई ने मौजूदा राजनीति पर तंज कसते हुए कहा, आज उम्मीदवार से ज्यादा चर्चा इस पर होती है कि किसके वोट टूटेंगे, ये दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकप्रतिनिधियों को पार्टी के प्रति निष्ठा रखनी चाहिए।

**शिंदे गुट में सामिल नगर सेवक मधुर म्हात्रे पर प्रतिक्रिया:** उन्होंने मशाल चिन्ह पर चुने गए मधुर म्हात्रे के शिंदे सेना में जाने पर कहा, म्हात्रे ने मतदाताओं और पार्टी दोनों के साथ दगा किया।

ये उनसे ही जाकर पूछिए कि वो कैसे फंसे। उद्घाटन के मौके पर शिंदे सेना के गटनेता विश्वनाथ राणे और भाजपा के सभागृह नेता वरुण पाटील समेत सर्वपक्षीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## विधायक दिलीप मामा लांडे के नेतृत्व में भाजपा नेता प्रदीप बंड हुए शिवसेना शिंदे गुट में शामिल

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** चांदिवली विधानसभा के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 161 के वरिष्ठ भाजपा नेता और जाने माने समाजसेवक प्रदीप बंड गुरुवार को अपने कार्यकताओं के साथ शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हो गए।



प्रदीप बंड शिवसेना शिंदे गुट के प्रमुख नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में और चांदिवली विधानसभा के विधायक दिलीप मामा लांडे के नेतृत्व में शिवसेना में शामिल हुए। बता दें कि प्रदीप बंड भारतीय जनता पार्टी वार्ड क्रमांक 161 के अध्यक्ष थे। उनकी कार्यकताओं में अच्छी खासी पैठ है। यही वजह है कि वार्ड क्रमांक १६१ में नागरिकों की हर समस्याओं को सुलझाने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। समय समय पर अपने कार्यालय में चिकित्सा शिविर, नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया करते हैं। इसके अलावा बीमार मरीजों के इलाज के लिए सदैव ही अस्पतालों में भागदौड़ किया करते हैं। प्रदीप बंड के शिवसेना शिंदे गुट में शामिल होने पर बड़ी संख्या में उत्तर भारतीय समाज के लोगों के अलावा शिवसेना शिंदे गुट के कार्यकताओं ने उन्हें भावी राजनितिक जीवन की शुभकामनाएं दी है।

## घाटकोपर पूर्व के जवाहर रोड-अंकुश मार्ग पर अवैध दुकानों पर मनपा ने की सख्त कार्रवाई

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** घाटकोपर पूर्व के जवाहर रोड और अंकुश मार्ग क्षेत्र में सड़क पर अतिक्रमण कर बनाए गए अवैध दुकानों पर आज एन विभाग महानगरपालिका की टीम ने सख्त कार्रवाई की। इस अभियान के दौरान लगभग 10 से 12 दुकानों द्वारा बनाए गए अवैध शेड को बुलडोजर की मदद से हटाया गया।



विशेष रूप से जवाहर रोड स्थित एक पान दुकान पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उसे पूरी तरह हटाया गया। क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण के कारण वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिसकी शिकायतें स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार की जा रही थीं।

भाजपा विधायक पराग शाह और वार्ड क्रमांक 131 की नगरसेविका राखी जाधव को मिली शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की गई। इससे पहले दोनों ने क्षेत्र का दौरा कर महानगरपालिका प्रशासन से अवैध स्टॉल और शेड हटाने की मांग की थी।

इसी के तहत सहायक आयुक्त मारुती पवार के नेतृत्व में आज सुबह करीब 11 बजे मनपा टीम ने यह अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र की सड़कें पूरी तरह से साफ हो गई हैं और यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिल रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए भविष्य में भी ऐसे अवैध निमार्णों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है।

## प्रांत अधिकारी विश्वास गुजर ने बांटे प्रमाण पत्र

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण ग्रामीण इलाके में बंद पड़ी जलापूर्ति योजनाएं फिर से शुरू की जाएंगी। भाजपा विधायक किसन कथोरे ने दावा किया है कि कल्याण और मुरबाड में की तकलीफ उठा रहे गांवों को टैंकर से पानी देने की नौबत नहीं आएगी। कल्याण तालुका के गोवेली में छत्रपति शिवाजी महाराज राजस्व अभियान के तहत शासकीय योजनाओं का लाभ तुरंत देने के लिए महाशिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में विधायक किसन कथोरे ने कहा कि कल्याण ग्रामीण क्षेत्र की बंद पड़ी पानी आपूर्ति योजनाओं को फिर से शुरू किया जाएगा। उन्होंने दावा किया, कल्याण और मुरबाड के टंचाई ग्रस्त गांवों को टैंकर से पानी सप्लाई करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बंद योजनाओं को चालू कर स्थायी समाधान देंगे।

### ग्रामीण भाग में नही होगी पानी समस्या: किशन कथोरे



**प्रांत अधिकारी का बयान:** कल्याण के प्रांत अधिकारी विश्वास गुजर ने बताया कि पहले टैंकर से पानी सप्लाई का निर्णय जिलाधिकारी लेते थे। अब यह अधिकार प्रांत कार्यालय को दे दिया गया है। गटविकास अधिकारी का प्रस्ताव आते ही तुरंत मंजूरी दी जाती है। बोरवेल खोदने के प्रस्ताव भी तुरंत मंजूर किए जाते हैं, क्योंकि पानी आपूर्ति अत्यावश्यक सेवा है।

प्रांत अधिकारी गुजर ने कहा कि शासन आपल्या दारी की तर्ज पर छत्रपति शिवाजी महाराज राजस्व अभियान चलाया जा रहा है। कुल 6 महाशिविर होंगे। अब तक 3 हो चुके हैं, अगले महीने 2 और होंगे। इन शिविरों में संजय गांधी निराधार योजना, आय प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र जैसे दाखिले बांटे जा रहे हैं।

## कल्याण में 10 दिवसीय राम कथा का आयोजन

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण पश्चिम में श्री राम कथा का भव्य शुभारंभ हो गया है। डॉ. विजय पंडित के मार्गदर्शन और रवि गुप्ता की अध्यक्षता में 10 दिवसीय राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर भारतीय विकास सामाजिक संस्था द्वारा कल्याण पश्चिम के परदेसी ग्राउंड में तुलसीकृत श्री रामचरितमानस कथा का आयोजन किया गया है। यह श्रीराम कथा 14 अप्रैल से शुरू होकर 23 अप्रैल तक चलेगी। अयोध्या से पधारे पूज्य गायत्री नंदन महाराज जी के



मुखारविंद से कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा से पहले भव्य शोभा यात्रा निकाली गई । महामंडलेश्वर चंद्रदेवदास जी की उपस्थिति में और डॉ. विजय पंडित के मार्गदर्शन में आयोजित शोभा यात्रा में नीरजा मिश्रा, डॉ. पद्मिनी कृष्णा, प्रिया शर्मा, अरुण दुबे, दिनेश दुबे, अनिल दुबे शामिल हुए।

साथ ही संस्था के अध्यक्ष रवि गुप्ता, उपाध्यक्ष बृजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष मिलिंद सिंह, महासचिव दिनेश अग्रहरि, कमलेश तिवारी और संस्था के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

## भिवंडी में स्कूलों द्वारा यूनिफार्म व किताबें तय दुकान से खरीदने की बाध्यता पर होगी सख्त कार्रवाई

**भिवंडी।** भिवंडी महानगरपालिका शिक्षा विभाग ने स्कूलों द्वारा अभिभावकों को यूनिफॉर्म, किताबें और अन्य शैक्षणिक सामग्री तय दुकानों से ही खरीदने के लिए मजबूर करने के मामले को गंभीरता से लिया है। इस संबंध में सभी स्कूल प्रबंधन को पत्र जारी कर ऐसी शक्ति तुरंत बंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासनाधिकारी सौदागर शिखरे ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि किसी स्कूल द्वारा इस प्रकार की अनिवार्यता लागू की जाती है और इसकी शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित स्कूल के खिलाफ शासन निर्णय के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शासन के परिपत्र के अनुसार, किसी भी स्कूल को छात्रों पर किसी विशेष दुकान से यूनिफॉर्म या शैक्षणिक सामग्री खरीदने का दबाव बनाने की अनुमति नहीं है। साथ ही राज्य बोर्ड, उइरए और क्ठरए स्कूलों को एनसीईआरटी व एससीईआरटी (बालभारती) की मान्य पाठ्यपुस्तकों का ही उपयोग करना होगा। अन्य बोर्डों के स्कूलों को भी केवल मान्यता प्राप्त पुस्तकों का ही उपयोग करना अनिवार्य है। इसके अलावा, किसी भी निजी प्रकाशन की किताबों को जबरन थोपने पर भी रोक लगाई गई है। शिक्षा विभाग ने साफ किया है कि निरीक्षण या शिकायत के दौरान यदि नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो संबंधित स्कूलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस निर्णय से अभिभावकों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



नीम करौली बाबा

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय:
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागुराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस पर हमला, बाइक सवार बदमाशों ने झोंकी गोलियां

**जौनपुर में बेखौफ अपराधी, पुलिस टीम बाल-बाल बची, तीनों आरोपी फरार**

**डॉ.इम्तियाज अहमद**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिले के रामपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब वाहन चेकिंग के दौरान नकाबपोश बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इस दुस्साहसिक हमले में पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गए।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी विनोद कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की काली स्प्लेंडर बाइक पर सवार तीन युवक वहां पहुंचे। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर बदमाशों ने बाइक मोड़कर भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने जब उनका पीछा किया, तो बाइक पर पीछे बैठे एक बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि पुलिसकर्मियों ने साहस का परिचय देते हुए बदमाशों का पीछा जारी रखा। अंधेरे का फायदा उठाकर तीनों आरोपी फरार होने में सफल रहे। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है।

## पूर्ण राज्य का दर्जा देने की सपा नेता ने किया मांग



जौनपुर (उत्तरशक्ति) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान ने जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पुडुचेरी तथा दादरा एवं नगर हवेली एवं दमण एवं दीव को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग उठाई है। शहर के पीडीए भवन कटघरा में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में लोकतांत्रिक व्यवस्था पूर्ण रूप से लागू नहीं है, जिससे वहां की जनता को संविधान प्रदत्त अधिकारों का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेशों में प्रशासनिक और विधायी शक्तियां सीमित होती हैं, जबकि राज्यों को अधिक स्वायत्तता प्राप्त होती है। ऐसे में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए इन क्षेत्रों को राज्य का दर्जा दिया जाना आवश्यक है। जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के बाद वहां की लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर हुई है, इसलिए राज्य का दर्जा बहाल किया जाना चाहिए। वहीं लद्दाख में विधानसभा न होने को उन्होंने लोकतांत्रिक कमी बताया और वहां भी पूर्ण राज्य की मांग की। पुडुचेरी में उपराज्यपाल और निर्वाचित सरकार के बीच टकराव का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने से प्रशासनिक संतुलन स्थापित होगा। इसके अलावा दादरा एवं नगर हवेली और दमण एवं दीव में भी विधानसभा के अभाव को उन्होंने लोकतांत्रिक कमी बताया। अंत में उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ जनता को पूर्ण अधिकार देना है और जब तक इन क्षेत्रों को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा, तब तक लोकतंत्र अधूरा रहेगा।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से बचने में पलटा शीरा लदा टैंकर, चालक गंभीर

**मो.इमरान फारूख**

आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। सिधारी थाना क्षेत्र के शाहगढ़ चौराहे पर शुक्रवार भोर करीब 4 बजे बड़ा सड़क हादसा हो गया। शीरा लोडेड टैंकर सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में टैंकर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।



बताया जाता है कि टक्कर से बचने के दौरान टैंकर कुछ दूरी तक अनियंत्रित होकर चला और फिर सड़क किनारे पलट गया। टैंकर के पलटते ही उसमें भरा शीरा सड़क पर फैल गया, जिससे पूरा मार्ग फिसलन भरा हो गया। इसके चलते कई बाइक सवार फिसलकर गिर पड़े और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को जिला अस्पताल सदर पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे वाराणसी के हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल की पहचान गोपाल यादव निवासी गोरखपुर के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, टैंकर दी सहकारी चीनी मिल सठियांव से करीब 36 टन शीरा लेकर चंदौली स्थित गोदरेज कंपनी जा रहा था। शाहगढ़ चौराहे पर पहुंचते ही यह हादसा हो गया।

सूचना मिलते ही सर्किल निरीक्षक प्रभु नारायण सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। पुलिस ने सड़क पर फैले शीरे को साफ कराया, जिससे यातायात बहाल हो सका। सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन युवकों की मौत, तीन घायल

**गुड़िया बिन्द**

गाजीपुर (उत्तरशक्ति)। सादात थाना क्षेत्र के टांड़ा गांव के पास गुरुवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में कोहराम मच गया और मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार, मुबारकपुर हरतरा गांव निवासी 17 वर्षीय शनि कुमार, 17 वर्षीय दीपक यादव और 16 वर्षीय शुभम कुमार एक ही बाइक पर सवार होकर शादियाबाद स्थित मजार पर लगे उर्स मेले में जा रहे थे। इसी दौरान सामने से उर्स मेला देखकर लौट रहे बहरियाबाद थाना क्षेत्र के आसपुर खुमिया गांव निवासी 18 वर्षीय विजय उर्फ रोलू राजभर, 22 वर्षीय अखिलेश राजभर और अजीत राजभर भी एक ही बाइक पर सवार थे। टांड़ा चट्टी के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मोटरसाइकिलों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

हादसे में शनि कुमार, दीपक यादव और विजय उर्फ रोलू राजभर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शुभम कुमार की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे वाराणसी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया।

सूचना मिलते ही सादात थानाध्यक्ष पन्ने लाल यादव और बहरियाबाद थानाध्यक्ष बृजेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतकों के परिवारों में इस हादसे के बाद मातम पसरा हुआ है। शनि कुमार के पिता चंद्रशेखर राम खेती कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। वहीं दीपक यादव के पिता हजारी यादव वाराणसी में ड्राइवर हैं। विजय उर्फ रोलू राजभर अपने परिवार में सबसे छोटा था। तीनों परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# अज्ञात युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप, पहचान में जुटी पुलिस

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बक्शा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब कुल्हनामऊ रेलवे लाइन ओवरब्रिज स्थित नेशनल हाईवे 731 के पास एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई।

सूचना पर बक्शा थाने के उपनिरीक्षक अरविंद कुमार, स्वामी नाथ सिंह, राज मिलन तिवारी तथा हेड कांस्टेबल शिवप्रकाश यादव व रामप्रवेश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी।



इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर वाहन के माध्यम से पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल जौनपुर के शवगृह भेज दिया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक संभवतः नेशनल हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटनास्थल के नीचे मृतक की साइकिल खड़ी मिली, जिससे हादसे की आशंका और भी गहरा रही है।

थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि अज्ञात शव मिलने की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष आंकी जा रही है। उन्होंने कहा कि शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है और मामले की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है।

## तिलक से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, परिवार में मचा कोहराम

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। रामपुर थाना क्षेत्र के गोपालापुर पुलिस चौकी अंतर्गत भाऊपुर के पास गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक तिलक समारोह से घर लौट रहा था, तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी जान चली गई। जानकारी के अनुसार, नेवढ़िया थाना क्षेत्र के सहजनी गांव निवासी 27 वर्षीय रामकुमार गुप्ता पुत्र दयाराम गुप्ता सूरत की एक साड़ी कंपनी में कार्यरत था। वह करीब पंद्रह दिन पहले ही घर आया हुआ था। गुरुवार रात वह जौनपुर में एक मित्र के यहां आयोजित तिलक समारोह में शामिल होकर वापस घर लौट रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही वह भाऊपुर मोड़ के पास पहुंचा, उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर पड़ा। गिरने के दौरान उसका सिर सड़क किनारे पड़े पत्थर से जोरदार टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल रामनगर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के घर में मातम छा गया। मां सावित्री देवी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पैसों के विवाद में युवक से मारपीट, जान से मारने की धमकी

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बक्शा थाना क्षेत्र में पैसों के विवाद को लेकर युवक से मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सिकरारा थाना क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर निवासी सत्यम पाठक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 16 अप्रैल की रात करीब 9:30 बजे जौनपुर से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह पकड़ी चौराहे के पास रैदासपुर गेट के सामने पहुंचा, वहां पहले से मौजूद भानू यादव और संतोष यादव (निवासी जनेवरा, थाना सिकरारा) ने उसे रोक लिया। आरोप है कि दोनों ने पैसों के विवाद को लेकर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों, लात-घूंसों से उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने उसे धमकी भी दी कि यदि उसने थाने में शिकायत की तो जान से मार देंगे। घटना के बाद पीड़ित ने बक्शा थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पीयू परिवार ने देखा नारी शक्ति वंदन का सजीव प्रसारण

**◆ नारी शक्ति वंदन के समर्थन में छात्राओं ने बनाई रंगोली**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के आर्यभट्ट सभागार में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण संसदीय सत्र का सजीव प्रसारण आयोजित किया गया। इस दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत चल रहे विमर्श को विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक एक साथ देखा। कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में सामूहिक रूप से आयोजित किया गया, जहाँ उपस्थित सभी लोगों ने इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनते हुए महिलाओं के सशक्त नेतृत्व और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने के संकल्प को दोहराया। पूरे आयोजन के दौरान सभागार में गंभीरता, जागरूकता और उत्साह का वातावरण बना रहा।




सभी प्रतिभागियों ने सजीव प्रसारण को ध्यानपूर्वक देखा और इसे भारतीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने महिलाओं के नेतृत्व को प्रोत्साहित करने तथा समाज में समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास करने का सामूहिक संकल्प लिया।

इस अवसर पर कुलसचिव केशलाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. प्रमोद कुमार यादव, कार्यक्रम संयोजक डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव सहित प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. गिरिधर मिश्र, प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. रसिकेश, डॉ. मनोज कुमार पांडेय, डॉ. रामांशु प्रभाकर सिंह, डॉ. नितेश जायसवाल एवं अन्य शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इसके बाद रज्जू भैया संस्थान में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल में प्रो. प्रमोद यादवा और प्रो. मिथिलेश सिंह थे। दो ग्रुपों में पहले ग्रुप से अंकुर मौर्य, गौतम चौहान, आयुष श्रीवास्तव प्रथम, दूसरे ग्रुप से कुंकुम मौर्य श्रेया मौर्य पूजा खुशबू प्रथम। इसी प्रकार प्रथम ग्रुप से शिवानी चौरसिया, अभिषेक कुमार बिंद, नोमान फजल द्वितीय, दूसरे ग्रुप से गुंजा कश्यप आर्या वैष्णवी, निशा सागर, हिमांशी श्रीवास्तव द्वितीय रहे।

गुरुवार की ढेर शाम विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास में रहने वाली छात्राओं ने एडिशनल चीफ वार्डन डॉ. अन्नू त्यागी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन के तहत विशाल पदयात्रा निकाली। इस अवसर पर सभी छात्रावासों की छात्राएं पूरे उत्साह और जोश के साथ शामिल हुईं। इस अवसर पर डॉ. निमिषा यादव, डॉ. कृष्णा सिंह समेत सभी छात्रावासों की छात्राएं शामिल रही।

# 92% अंक लाने वाली छात्रा की संदिग्ध मौत, पुलिस जांच में जुटी

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कानपुर सीबीएसई 10वीं के परीक्षा परिणाम आने के एक दिन बाद 16 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना पनकी थाना क्षेत्र के रतनपुर शिवालिका भवन इलाके की है, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार, छात्रा केंद्रीय विद्यालयझ्र1 अमार्पुर की छात्रा थी और हाल ही में घोषित बोर्ड परीक्षा में उसने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। परिजनों के मुताबिक, छात्रा ने बुधवार शाम करीब चार बजे अपना रिजल्ट देखा था। इसके बाद गुरुवार शाम करीब साढ़े पांच बजे मां ने जब उसे फोन किया तो कोई जवाब नहीं मिला। काफी प्रयासों के बाद भी संपर्क न होने पर परिजन चिंतित हो गए। भाई जब कमरे में पहुंचा तो छात्रा अचेत अवस्था में मिली। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पनकी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और छात्रा का मोबाइल भी जांच के लिए अपने पास रख लिया है। प्रारंभिक जांच में मोबाइल से कुछ वॉयस नोट्स और संदेश मिले हैं, जिनमें छात्रा द्वारा मानसिक तनाव और निराशा के संकेत मिलने की बात सामने आई है।

परिजनों का आरोप है कि छात्रा पिछले कुछ समय से तनाव में थी और स्कूल में कुछ शिक्षकों द्वारा की गई टिप्पणियों व तुलना के कारण वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी थी। हालांकि, इस मामले में स्कूल प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बताया जा रहा है कि छात्रा के पिता का दो वर्ष पूर्व निधन हो चुका है और परिवार में मां व एक भाई ही हैं। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है।

## मछलीशहर तहसील में अधिवक्ताओं का हंगामा, तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी

**अरशद अली**

मछलीशहर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मछलीशहर तहसील में शुक्रवार को तहसीलदार की कार्यप्रणाली से नाराज अधिवक्ताओं ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया, जिससे कुछ समय के लिए कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के खिलाफ 'तहसीलदार चोर है' के नारे लगाए और उनकी



कार्यशैली पर नाराजगी जताई। वकीलों का आरोप है कि तहसील में कार्यों के निष्पादन में पारदर्शिता की कमी है और उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। प्रदर्शन के चलते तहसील परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और आम जनता को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि तहसीलदार के रवैये में सुधार नहीं हुआ तो वे आगे उग्र आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। फिलहाल, स्थिति को संभालने के प्रयास किए जा रहे हैं और प्रशासन की ओर से मामले को शांत कराने की कोशिश जारी है।

# धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव व प्रवेशोत्सव, सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान

मुंगराबादशाहपुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। प्राथमिक विद्यालय रामपुर गजाधर में वार्षिकोत्सव,



प्रवेशोत्सव, सांस्कृतिक मंच उद्घाटन एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अविनाश सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने मां सरस्वती एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लोक नृत्य, गायन एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में विकासखंड के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अविनाश सिंह ने सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। वहीं बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल ने कहा कि 6 से 14 वर्ष तक का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रधानाध्यापक अजीत पटेल एवं समस्त विद्यालय स्टाफ की सराहना की गई। समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं अतिथियों को माल्यार्पण, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विशेष रूप से जयकिशन यादव (प्रवक्ता, गिरिजा शंकर इंटर कॉलेज नीभापुर) एवं राम सिंह (अनुचर, उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव) को सम्मान मिला। कार्यक्रम का संचालन एआरपी पुष्कर मिश्र ने किया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख शिवमूरत पटेल सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अक्षय तृतीया पर जौनपुर में भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा का अनावरण

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद में 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर कुल्हनामऊ चौराहे पर भगवान परशुराम की 11 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना जताई जा रही है। मान्यता है कि जौनपुर का प्राचीन नाम जमदग्निपुरम रहा है, जो महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका से जुड़ा है। इसी धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए भगवान परशुराम की प्रतिमा की स्थापना की गई है। प्रतिमा स्थापना में बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्रा की अहम भूमिका रही है, जबकि सुजानगंज क्षेत्र के प्रमोद पाठक एवं उनके परिवार ने विशेष सहयोग प्रदान किया है। यह प्रतिमा जयपुर के कारीगरों द्वारा लगभग एक वर्ष की मेहनत से तैयार की गई है। करीब 11 फीट ऊंची इस प्रतिमा के साथ पूरा ढांचा 20 फीट से अधिक ऊंचा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्थल पर आकर्षक रेलिंग और सीढ़ियों की व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ जौनपुर की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों से शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की गई है।

# मेडिकल कॉलेज जौनपुर में शैक्षणिक प्रदर्शनी, छात्रों ने दिखाया रचनात्मक कौशल

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर में छात्रों की





रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एनॉटॉमी विभाग द्वारा शैक्षणिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य प्रो. आर.बी. कमल के निर्देशन में तथा विभागाध्यक्ष प्रो. भारती यादव की अगुवाई में किया गया।

इस प्रदर्शनी में एमबीबीएस प्रथम वर्ष एवं पैरामेडिकल प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने मानव शरीर रचना विज्ञान (एनाटॉमी) से जुड़े विभिन्न अंगों एवं संरचनाओं के आकर्षक चित्र, चार्ट और प्रतिरूप प्रस्तुत किए। घुटने के जोड़ (नी जॉइंट), यकृत, पित्ताशय और अग्न्याशय के मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

कार्यक्रम में चीफ प्रॉक्टर प्रो. रूचिरा सेठी सहित एनॉटॉमी विभाग की टीम–डा. प्रियंका सिंह, डा. अर्चना चौधरी एवं पीजी जूनियर रेजिडेंट्स–डा. दिग्वेश यादव, डा. सैयद उस्मान, डा. सत्यप्रकाश, डा. ज्योत्सना और डा. रेफत जहान के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रधानाचार्य प्रो. आर.बी. कमल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक मॉडल उनकी पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन और विनम्रता बनाए रखने की प्रेरणा देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही आयोजन की सफलता के लिए प्रो. रूचिरा सेठी, प्रो. भारती यादव सहित समस्त संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। प्रदर्शनी का अवलोकन संकाय सदस्यों एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया और विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य प्रो. आशीष यादव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. ए.ए. जाफरी, बायोकेमेस्ट्री विभागाध्यक्ष प्रो. तबस्सुम यासमिन सहित अनेक शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्कूल से लौट रही 13 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

**पुलिस आरोपी युवक को हिरासत में लेते हुए विधिक कार्रवाई में जुटी**

**रियाजुल हक**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। स्कूल से घर वापस जा रही एक 13 वर्षीय छात्रा को रास्ते में रोककर एक 35 वर्षीय युवक ने चाकू की नोक पर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। छात्रा के साहस और ग्रामीणों की तत्परता से एक बड़ी अनहोनी होने से टल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की 13 वर्षीय छात्रा स्कूल की छुट्टी के बाद अपने घर लौट रही थी। तभी घात लगाए बैठे आरोपी ने उसे दबोच लिया और चाकू दिखाकर डराते हुए जबरदस्ती करने की कोशिश की। बच्ची ने हिम्मत न हारते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर खेतों में काम कर रहे और आसपास से गुजर रहे ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों को आता देख आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी कर लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंच गयी।थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर प्रवीण यादव ने इस मामले में बताया कि अभी तक उक्त किशोरी के किसी परिजन द्वारा नामजद तहरीर नही दी गई है। फिर भी इस मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कम्पोजिट स्कूल आरा में शिक्षा चौपाल व वार्षिकोत्सव, मेधावी छात्र सम्मानित

**सुशील कुमार गुप्ता,** करंजाकला,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। करंजाकला विकासखंड के कम्पोजिट स्कूल आरा में शिक्षा चौपाल, वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह के दौरान वर्षभर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार राय के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सुरेश चंद्र पाठक, विजय लक्ष्मी यादव, मिश्रीलाल रजक, अजीत सिंह, सूर्यमणि शास्त्री, विजय कुमार यादव, पूनम जायसवाल, कविता यादव, रेखा भारती, शालिनी गौतम तथा शिक्षामित्र रेनू राय और किरन बाला पाठक उपस्थित रहे। विकासखंड करंजाकला के एआरपी सुरेश मौर्य एवं निलेश उपाध्याय की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और गरिमा प्रदान की। शिक्षा चौपाल के माध्यम से अभिभावकों को नई शिक्षा नीति एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति जागरूक किया गया। अंत में प्रधानाध्यापक ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# वसई विरार में बिजली समस्या को लेकर की स्नेहा दुबे ने उठाई आवाज



वसई रोड। वसई-विरार में बढ़ती बिजली समस्या को लेकर विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने मुंबई मंत्रालय में ऊर्जा राज्य मंत्री मेघना साकोरे-बोर्डिकर से मुलाकात कर अहम मुद्दों पर चर्चा की। मीटिंग में क्षेत्र में लगातार मिल रही बिजली संबंधी शिकायतों का विस्तार से समीक्षा किया गया। इसमें पुराने ट्रांसफॉर्मर, कम क्षमता वाले उपकरण, जर्जर केबल, खाली बिजली पोस्ट और नए सबस्टेशन की आवश्यकता जैसे महत्वपूर्ण विषय उठाए गए। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें नए ट्रांसफॉर्मर की मंजूरी, पोमन स्विचिंग सेंटर को दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य, कामन और गोखिवारे सबस्टेशन के कार्यों को तेजी से पूरा करना, तटीय क्षेत्रों में केबल की अंडरग्राउंडिंग शुरू करना और सूर्या डैम के लिए स्टैंडबाय ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराना शामिल है। इसके अलावा इंडस्ट्रियल सेक्टर के लिए अलग डीपीआर तैयार करने का निर्णय भी लिया गया। वसई-विरार के नागरिकों को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए इन योजनाओं पर लगातार फॉलो-अप किया जाएगा।

# समाज और देश के विकास में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण। सीएम



मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में महिलाओं की भूमिका और सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि समाज और देश के विकास में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह सम्मेलन नारी शक्ति विचार मंच द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के साथ मंत्री अदिति तटकरे, विधायक चित्रा वाघ, विधायक अमित साटम और विधायक मनीषा चौधरी उपस्थित रहे। इसके अलावा SNDT Women's University की कुलगुरु प्रो. उज्ज्वला चक्रदेव भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।

सम्मेलन में मनोरंजन और कला जगत से भी कई प्रसिद्ध हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें रवीना टंडन, रूबल नागी, वैशाली सामंत, प्राजक्ता माली और फैशन डिजाइनर अर्चना कोचर शामिल थीं।

इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें हर क्षेत्र में समान अवसर देने की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह आयोजन सफल रहा।

# राजन नाईक ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर जयंती मनाया



**वसई रोड। डॉ. भीमराव (बाबासाहेब)** रामजी अंबेडकर की जयंती के मौके पर, आज नालासोपारा विधायक राजन नाईक ने नालासोपारा वेस्ट के गैलेक्सी होटल के साथ-साथ अंबेडकर नगर, संयुक्त नगर और नालासोपारा ईस्ट के विरार पूर्व मनवेल पाड़ा, अन्ना पाड़ा, जीवदानी पैठा और नाना-नानी पार्क में जाकर भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की तस्वीर पर श्रद्धांजलि दी। यह उस महान व्यक्ति को विनम्र श्रद्धांजलि है, जिन्होंने समाज के हर वर्ग को समान न्याय,आत्म-सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उनके दिए गए संविधान की वजह से ही आज हर भारतीय नागरिक को बराबरी से जीने का अधिकार है। उनके विचार, उनके काम और उनका संघर्ष सिर्फ इतिहास नहीं हैं, बल्कि वे आज और कल के भारत के लिए एक मार्गदर्शक हैं। मैंने उनकी प्रेरणा से समाज की भलाई के लिए और भी जोर-शोर से काम करने का अपना पक्का इरादा जताया।

# शक्ति स्पेशलिटी हॉस्पिटल में अवैध मेडिकल स्टोर पर छापा, चार दवाओं के नमूने जब्त

जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र स्थित शक्ति स्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर में संचालित अवैध मेडिकल स्टोर और क्लिनिक पर औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर कार्रवाई की। इस दौरान ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत चार संदिग्ध दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजे गए। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई जनसुनवाई पोर्टल पर मिली शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें अस्पताल परिसर के भीतर बिना वैध लाइसेंस के दवा कारोबार संचालित होने की बात कही गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सहायक आयुक्त (औषधि), वाराणसी मंडल के निर्देश पर टीम गठित की गई।

जिला औषधि निरीक्षक के नेतृत्व में वाराणसी के औषधि निरीक्षक चंद्रेश द्विवेदी और गाजीपुर के औषधि निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की और जांच पड़ताल की।

अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट में यदि कोई अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में अवैध दवा कारोबार के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए एडीएम (वित्त एवं राजस्व) से पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है। प्रशासन ने संबंधित थानों को छापेमारी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने चेतावनी दी है कि लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही अन्य चिन्हित स्थानों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण अधिनियम के प्रचार-प्रसार के निर्देश, वृद्धाश्रम में निःशुल्क प्रवेश की सुविधा

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम-2007, उत्तर प्रदेश नियमावली 2014 एवं राज्य वरिष्ठ नागरिक नीति 2016 के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निदेशक, समाज कल्याण उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा 6 अप्रैल 2026 को निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में जनपद में संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि सैय्यद अलीपुर, सदर जौनपुर स्थित वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क आवास एवं देखभाल की व्यवस्था उपलब्ध है। इच्छुक वरिष्ठ नागरिक या उनके परिजन संस्थाध्यक्ष के मोबाइल नंबर 9044068108 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा संबंधित उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा थाना प्रभारी के माध्यम से भी वृद्धाश्रम में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। जिला समाज कल्याण विभाग ने जनसामान्य से अपील की है कि इस योजना का लाभ पात्र वरिष्ठ नागरिकों तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि उन्हें सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन मिल सके।

# वधावन पोर्ट प्रोजेक्ट पर केंद्रीय मंत्री से मिले डॉ. हेमंत सावरा, मछुआरों के हितों की उठाई आवाज



**पालघर।** पालघर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. हेमंत विष्णु सावरा ने प्रस्तावित वधावन पोर्ट प्रोजेक्ट को लेकर केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय मछुआरों और नागरिकों के हितों की सुरक्षा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें और सुझाव रखे। डॉ. सावरा ने बताया कि पोर्ट प्रोजेक्ट को लेकर स्थानीय मछुआरा समुदाय में गहरी चिंता है। उन्हें डर है कि इससे उनकी पारंपरिक आजीविका और समुद्री पर्यावरण पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। इन चिंताओं को दूर करने के लिए उन्होंने कई ठोस उपाय सुझाए।

प्रमुख मांगों में मछुआरों के हितों की सुरक्षा, डॉ. सावरा ने कहा कि पोर्ट निर्माण से जुड़े वैज्ञानिक अध्ययन और तकनीकी रिपोर्ट्स को पारदर्शी तरीके से स्थानीय लोगों के साथ साझा किया जाए। मछुआरों को आधुनिक नावें, सुरक्षित नेविगेशन सिस्टम और कम्युनिकेशन सुविधाएं देने के लिए सब्सिडी या कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाए।

साथ ही कोल्ड स्टोरेज सुविधाएं और सोलर उपकरणों के लिए सहायता देने की भी मांग की गई।

रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में स्थानीय युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट के साथ-साथ उन्हें पास के बंदरगाहों और क्षेत्रों में रोजगार देना सुनिश्चित किया जाए।

स्कूल स्तर पर अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और तकनीकी शिक्षा को मजबूत करने तथा शिक्षण संस्थानों में आधुनिक लैब और उपकरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। इंफ्रास्ट्रक्चर और पर्यावरण संरक्षण में समुद्र तट और संभावित ट्रैफिक क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया जाए।

पोर्ट के 25 किलोमीटर के दायरे में तटीय कटाव रोकने के लिए बांध बनाए जाएं।

बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए सड़कों को मजबूत करने और वैकल्पिक मार्ग विकसित करने की आवश्यकता बताई गई।

**खेती और संतुलित विकासः**

औद्योगिक विकास के साथ-साथ कृषि और उससे जुड़े उद्योगों को भी बढ़ावा देने की मांग की गई, ताकि स्थानीय अर्थव्यवस्था का संतुलित विकास हो सके।

डॉ. सावरा ने कहा कि पारदर्शिता, समय पर हस्तक्षेप और लोगों को केंद्र में रखकर की गई योजना से वधावन पोर्ट एक आदर्श परियोजना बन सकती है, जो विकास के साथ-साथ स्थानीय लोगों की आजीविका की भी रक्षा करेगी।

# सबरहद गांव की नातिन बनी डॉक्टर, क्षेत्र में खुशी की लहर

**डॉ. इम्तियाज अहमद**

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** जनपद के सबरहद गांव में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई, जब गांव की नातिन आफरीन खान ने एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनकी इस सफलता पर ग्रामीणों और परिजनों में हर्ष का माहौल है।

मूल रूप से आजमगढ़ जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र के नेवादा गांव की निवासी आफरीन खान की प्रारंभिक शिक्षा सबरहद स्थित मदरसा फारूकिया में हुई। इसके बाद उनका परिवार महाराष्ट्र में बस गया, जहां उन्होंने मेडिकल की तैयारी की। कड़ी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने दूसरे प्रयास में जालना स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च में प्रवेश प्राप्त किया। हाल ही में 16 अप्रैल को आयोजित एक समारोह में उन्हें औपचारिक रूप से एमबीबीएस की डिग्री प्रदान की गई।

आफरीन की इस उपलब्धि पर उनके मामा डॉ. अजीम अनवर खान (डिप्टी डायरेक्टर, राज्यसभा सचिवालय) ने खुशी जताते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन और सहयोग मिलने पर बच्चे निश्चित रूप से सफलता हासिल करते हैं। उन्होंने आफरीन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आफरीन खान की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं, खासकर छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।

# माटीकला से आत्मनिर्भरता की राह : 10 लाख तक लोन पर 25 फीसदी सब्सिडी



सुरेश गांधीवाराणसी। परंपरागत कारीगरी को आधुनिक अर्थव्यवस्था से जोड़ते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बड़ा और प्रभावी कदम उठाया है। माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजनाह्न अब युवाओं और पारंपरिक कुम्हार समुदाय के लिए आत्मनिर्भर बनने का मजबूत माध्यम बनकर उभर रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत इस योजना में जनपद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

वाराणसी मंडल के परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी, यूपी सिंह ने बताया कि यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं से इसमें भाग लेने और अपने हुनर को रोजगार में बदलने का आह्वान किया। उनका कहना है कि इस योजना का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि सदियों पुरानी माटीकला को नई पहचान देना भी है। मिट्टी से जुड़े उत्पाद, जैसे घड़ा, सुराही, कुल्हड़, गिलास, कटोरी, कप-प्लेट और सजावटी सामान, अब बाजार में नई संभावनाओं के साथ पेश किए जा रहे हैं। सरकार चाहती है कि यह पारंपरिक कला आधुनिक मांग के अनुरूप विकसित हो और स्थानीय कारीगरों को इसका सीधा लाभ मिले। इस योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को 10 लाख रुपये तक का बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें 25 फीसदी तक की सब्सिडी (अनुदान) राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। यह प्रावधान उन युवाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण है जो पूंजी के अभाव में अपना व्यवसाय शुरू नहीं कर पाते। योजना के जरिए स्वरोजगार को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन का भी लक्ष्य रखा गया है। इससे न केवल बेरोजगारी कम होगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इस योजना के तहत 18 से 55 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक पुरुष और महिलाएं आवेदन कर सकते हैं। खास बात यह है कि इसमें पारंपरिक कारीगरों के साथ-साथ नए उद्यमियों को भी मौका दिया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन पोर्टल यूपीमाटीकलाबोर्ड डाट इन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं या जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, वाराणसी से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन के लिए पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र व शैक्षिक/तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति, प्रोजेक्ट रिपोर्ट आदि. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 मई 2026 निर्धारित की गई है। लाभार्थियों का चयन स्कोर कार्ड प्रणाली के आधार पर किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

पारंपरिक कारीगरों पर विशेष फोकस इस योजना के अंतर्गत माटीकला से जुड़े कारीगर परिवारों का चिन्हांकन भी किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद शिल्पकारों को इसका लाभ मिल सके। यह पहल न केवल उनकी आजीविका को मजबूत करेगी, बल्कि उनकी कला को भी संरक्षित और प्रोत्साहित करेगी। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी मो. 9580503155 पर संपर्क कर सकते हैं या जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय से सीधे जुड़ सकते हैं। आज जब युवा रोजगार की तलाश में बड़े शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं, ऐसे में माटीकला जैसी पारंपरिक विधाओं को आधुनिक स्वरूप देकर रोजगार का माध्यम बनाना एक दूरदर्शी सोच है। यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत को बचाने का भी माध्यम है। अगर इसे सही ढंग से लागू किया गया, तो वाराणसी जैसे शहर न केवल अपनी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करेंगे, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को भी साकार करेंगे।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन, बिजली विभाग का घेराव

**जौनपुर ( उत्तरशक्ति )।** जफराबाद थाना क्षेत्र के सहाबड़ेपुर फीडर क्षेत्र में स्मार्ट मीटर को लेकर ग्रामीण महिलाओं का आक्रोश खुलकर सामने आया। बढ़ते बिजली बिलों से परेशान दर्जनों महिलाओं ने बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए घेराव किया।

प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिजली बिल लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। महिलाओं ने यह भी कहा कि कई घरों में बिजली कनेक्शन न होने के बावजूद जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं।

ग्रामीणों ने विभाग के एक कर्मचारी पर कनेक्शन जोड़ने के नाम पर अवैध वसूली करने का भी आरोप लगाया।

उनका कहना है कि बिल जमा करने के बावजूद अधिक बिल दिखाया जाता है और बार-बार कनेक्शन काट दिया जाता है, जिससे गर्मी में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। मामले पर बिजली विभाग के सुपरिटेंडेंट मनोज गुप्ता ने कहा कि शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है और जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि कई उपभोक्ताओं के पुराने बकाया बिल वर्तमान बिल में जुड़ने के कारण राशि अधिक दिखाई दे रही है।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 13 से 19 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर और बिलिंग प्रणाली के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही स्पष्ट किया कि जहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं, उन्हें हटाकर पोस्टपेड मीटर लगाने का फिलहाल कोई निर्देश नहीं है। ग्रामीण महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगी।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम में शामिल होने काशी पहुंचे डिप्टी सीएम, बाबतपुर एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत



**वाराणसी (उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम में भाग लेने के लिए काशी पहुंचे। उनके आगमन पर लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। एयरपोर्ट पर क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। जैसे ही डिप्टी सीएम पहुंचे, कार्यकताओं ने फूल-मालाओं और नारों के साथ उनका भव्य अभिनंदन किया। पूरे परिसर में उत्साह और स्वागत का माहौल देखने को मिला। इस दौरान स्वागत कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष एवं विधायक हंसराज विश्वकर्मा, सुरेश सिंह, अनिल श्रीवास्तव, मनीष सिंह और शैलेन्द्र श्रीवास्तव सहित कई प्रमुख नेता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। भाजपा के प्रोटोकॉल प्रभारी एवं क्षेत्र उपाध्यक्ष (किसान मोर्चा, काशी प्रांत) शैलेश पाण्डेय की भी विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के भी मंच साझा करने की जानकारी सामने आई है, जिससे कार्यक्रम का महत्व और बढ़ गया है। डिप्टी सीएम का यह दौरा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत आयोजित कार्यक्रम के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें महिला सशक्तिकरण, अधिकार और सहभागिता जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

# शक्ति स्पेशलिटी हॉस्पिटल में अवैध मेडिकल स्टोर पर छापा, चार दवाओं के नमूने जब्त

**जौनपुर ( उत्तरशक्ति )।** मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र स्थित शक्ति स्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर में संचालित अवैध मेडिकल स्टोर और क्लिनिक पर औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर कार्रवाई की। इस दौरान ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत चार संदिग्ध दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजे गए।

जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई जनसुनवाई पोर्टल पर मिली शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें अस्पताल परिसर के भीतर बिना वैध लाइसेंस के दवा कारोबार संचालित होने की बात कही गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सहायक आयुक्त (औषधि), वाराणसी मंडल के निर्देश पर टीम गठित की गई। जिला औषधि निरीक्षक के नेतृत्व में वाराणसी के औषधि निरीक्षक चंद्रेश द्विवेदी और गाजीपुर के औषधि निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की और जांच पड़ताल की।

अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट में यदि कोई अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में अवैध दवा कारोबार के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए एडीएम (वित्त एवं राजस्व) से पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है। प्रशासन ने संबंधित थानों को छापेमारी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के निर्देश दिए हैं।

विभाग ने चेतावनी दी है कि लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही अन्य चिन्हित स्थानों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सीएमओ का सीएचसी महराजगंज पर औचक निरीक्षण, 5 कर्मचारी अनुपस्थित, व्यवस्था सुधारने के निर्देश



**जौनपुर ( उत्तरशक्ति )।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने 17 अप्रैल 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महराजगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में कई खामियां सामने आईं, जिस पर सीएमओ ने सख्त रुख अपनाया।

निरीक्षण में पांच कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिनके वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। साथ ही चिकित्सा अधीक्षक को चेतावनी दी गई कि भविष्य में बिना अनुमति अनुपस्थिति पर उनकी जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और फोटो रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

हीटवेव को ध्यान में रखते हुए सीएमओ ने इमरजेंसी वार्ड तैयार करने, कूलर और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के लिए फार्मासिस्ट को डीवीडीएमएस पोर्टल के माध्यम से समय पर इंडेंट करने को कहा गया।

संचारी एवं दस्तक अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने, आरबीएसके टीम को स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की स्वास्थ्य जांच करने तथा चिन्हित बच्चों का समुचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

इसके अलावा प्रसव कक्ष की साफ-सफाई, आईईसी डिस्प्ले और संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर जोर दिया गया। बीपीएचयू लैब में सभी निःशुल्क जांच मानक के अनुरूप कराने के निर्देश भी दिए गए।

# मारपीट में तीन लोग घायल, अस्पताल में भर्ती

शाहगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के समैसा गांव में भू-विवाद को लेकर पट्टीदारों के बीच हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को समैसा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इस घटना में 54 वर्षीय दल सिंगार पुत्र मेवालाल, 32 वर्षीय अमोद कुमार पुत्र दल सिंगार तथा 18 वर्षीय आदर्श कुमार पुत्र अनिल कुमार घायल हो गए।

घटना की सूचना पर परिजनों ने पुलिस को अवगत कराते हुए सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के अमोद कुमार और आदर्श कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें शांति भंग की धारा में चालान कर दिया है।

# रेलवे परिसर में वृद्ध का शव मिलने से हडकंप

**शाहगंज ,जौनपुर ( उत्तरशक्ति )।** नगर के फैजाबाद रोड स्थित हिंद टाकीज के समीप रेलवे परिसर में शुक्रवार शाम एक वृद्ध का शव मिलने से हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान बिहार के दरभंगा जिले के जाले थाना क्षेत्र के कतरौला गांव निवासी 78 वर्षीय अब्दुल मलिक पुत्र मोहम्मद सुलेमान के रुप में हुई है। वह मानसिक रुप से अस्वस्थ बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने रेलवे परिसर में शव पड़े होने की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मृतक की पहचान उसके पास मिले आधार कार्ड से हो सकी। प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।







डॉ. वकील नज़ीर इण्टर कालेज
ADDMISSION OPEN
2026- 27
फाउंडर & मैनेजर
डॉ. वकील अहमद नजीर
80094 80093
असिस्टेंट मैनेजर
मो0 राफे शमीम
(M.B.A)
निकट- करीमगंज, मानी कलाँ, शाहगंज, जनपद -जौनपुर (उ0प्र0)- 222139


मो. 7897031065, 9889373010
लालमनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेन्टर
स्थान- मेडिकल कॉलेज के सामने, सिद्दीकपुर, जौनपुर.
हमारे अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक
डॉ. दिलीप कुमार सरोज
MBBS-M.S. ORTHO
हड्डी रोग विशेषज्ञ • On Call
डॉ. चंचला मिश्रा
MBBS-M.S.
स्त्रीरोग विशेषज्ञ • सुबह 10 से शाम 4 तक
डॉ. दिनेश कुमार
MBBS.MD. (GENERAL MEDICINE)
IMS - BHU 24 घण्टे
डॉ. प्रभाकर उपाध्याय
MBBS-M.S.
(जनरल सर्जरी) • On Call
डॉ. सुनील दुबे
MBBS-M.S.
(जनरल सर्जरी) • On Call
डॉ. अरविन्द कुमार यादव
MBBS-M.D.
बाल रोग विशेषज्ञ • प्रतिदिन
उपलब्ध सुविधाए-
• OT (MODULAR OT)
• VENTILATOR
• DIGITAL X-RAY
• PATHOLOGY
• ICU
• ABG
• BiPAP
• ECG


ISO 9001: 2015 CERTIFIED
आशीर्वाद हॉस्पिटल
डा. विनोद कन्नौजिया
एम.बी.बी.एस., एम.एस. ( आर्थो सर्जन )
ट्रामा एण्ड ज्वाइन्ट रिप्लेसमेन्ट सर्जन
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
दूरबीन (Arthroscopy) विधि द्वारा Ligament Repair (ACL, PCL, Etc.) की सुविधा उपलब्ध।
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत समस्त रोगों का निःशुल्क इलाज
Policetechnical Chauraha, Jaunpur
9415287571, 8953320461
9838639567, 7839059070
जनपद का प्रथम जापानी तकनीकी से निर्मित अध्यायुबिक IVF (टेस्ट ट्यूब बेबी) सेन्टर
ASHIRWAD IVF & FERTILITY CENTER
Embrance Your Life's Most Precious Gift
डा. अन्जू कन्नौजिया
एम.बी.बी.एस., एम.एस.कन्सलटेन्ट आब्सटेट्रिक्स & गायनकोलोजिस्ट एण्ड इनफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट
इक्सी टेस्ट ट्यूब बेबी विशेषज्ञ
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
पता : पालिटेक्निक चौराहा, जौनपुर


Reg. No. JNP/228
Mob. 9554188080
ABEEHA
Diagnostic Center
अबीहा
डायग्नोस्टिक सेन्टर
24/7 Emergency Services
ULTRASOUND
PATHOLOGY
Shahganj Padaw, Pani Tanki, In Front of Mandir, Jaunpur


EDEN PUBLIC SCHOOL
C.B.S.E. AFFILIATED (10+2) ENGLISH MEDIUM
Nursery to IX & XI Science, Commerce & Art
नूरजहाँ गर्ल्स हायर सेकण्ड्री स्कूल
2026-27 ADMISSION OPEN
Founder/Chairmain
Pervez Alam (Bhutto)
Add- Imranganj, Shahganj, Jaunpur (UP) 223101


नया सत्र
Educate A Girl....
Educate A Family....
Best Educationist Award by Deputy CM Shri Brajesh Pathak
मॉडर्न कान्वेंट स्कूल
कक्षा- नर्सरी से 11 तक
अंग्रेज़ी माध्यम
Established Since 1999
With good quality of education
E-mail: modernconventschool007@gmail.com
www.mcsshools.com
प्रवेश प्रारम्भ
2026-27
प्रबंधक
डॉ0 आबिद खान
7518714123
8960117268
7007016231
निकट- हबीब हॉस्पिटल के पास खेतसाराय, जौनपुर

